▪ मार्गशीर्ष शुक्ल - 8 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 145 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » बुधवार » 20-12-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित





5 राज्यसभा के सभापति, लोकसभा अध्यक्ष की नकल उतारना अस्वीकार्य : धनखड़

6 राजस्थान में नये लोगों को आगे बढ़ाए कांग्रेस

7 बीएनएस में न्याय पर जोर है : रविशंकर प्रसाद

## फर्स्ट टेक

### मणिपुर में हिंसा के बाद चुराचांदपुर जिले में धारा 144 लागू

**चुराचांदपुर (मणिपुर)/भाषा।** मणिपुर सरकार ने नए सिरे से हिंसा के बाद चुराचांदपुर जिले में दो महीने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा आदेश लागू किया है। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गयी है। इस पूर्वोत्तर राज्य के विभिन्न हिस्सों में इस साल मई के बाद से जातीय संघर्ष जारी है। चुराचांदपुर जिले में सोमवार को खासतौर पर थिंगकांगफई गांव में कई स्थानों पर हिंसा की छिटपुट घटनाएं दर्ज की गयीं। जिला मजिस्ट्रेट ने एक आदेश में कहा, ''लोगों के दो समूहों के बीच टकराव के कारण शांति भंग होने की आशंका अब भी है...और स्थिति अभी तनावपूर्ण है। निषेधाज्ञा आदेश सोमवार को लागू किया गया और यह 18 फरवरी 2024 तक लागू रहेगा। इसके तहत पांच और उससे अधिक लोगों के एकत्रित होने तथा हथियार रखने पर मनाही है।

### आडवाणी, जोशी को मिला अयोध्या आने का निमंत्रण

**नई दिल्ली/वार्ता।** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और डॉ मुरली मनोहर जोशी को आमंत्रित किया गया है। विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने दोनों वरिष्ठ नेताओं से भेंट करके उन्हें अयोध्या आने का निमंत्रण दिया। दोनों नेताओं ने कार्यक्रम में आने का पूरा प्रयास करने की बात कही है।

### उ. कोरिया ने अमेरिका के खिलाफ 'आक्रामक कदम' उठाने की धमकी दी

**सियोल/एपी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपने देश की सबसे उन्नत मिसाइल के तीसरे परीक्षण के बाद अमेरिका के खिलाफ ''और अधिक आक्रामक कदम'' उठाने की धमकी दी। सरकारी मीडिया की खबरों में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। समझा जाता है कि इस मिसाइल को मुख्य रूप से अमेरिका पर हमला करने के लिए ही तैयार किया गया है। किम के बयान से जाहिर है वह अपने बढ़ते मिसाइल शस्त्रागार को लेकर आश्वस्त हैं और वह संभवतः अमेरिका में अगले साल राष्ट्रपति चुनाव होने से पहले तक हथियार परीक्षण गतिविधियां जारी रखेंगे। बहरहाल, कई पर्यवेक्षकों का कहना है कि अगर उत्तर कोरिया यह साबित करना चाहता है कि उसके पास अमेरिका को निशाना बनाने वाली मिसाइल हैं तो उसके लिए अभी और महत्वपूर्ण परीक्षण करने की जरूरत है।

20-12-2023 सूर्यास्त 5:58 बजे | 21-12-2023 सूर्योदय 6:36 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 71,437.19 | 21,453.10 |
| (+122.09) | (+34.45) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,565 रु. | 79,730 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |



# छात्रों को जीवन कौशल प्रदान करने का राष्ट्रपति मुर्मू ने किया आह्वान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हैदराबाद/भाषा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान करने के साथ ही यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया कि छात्र केवल अकादमिक ज्ञान तक ही सीमित न रहें बल्कि जीवन कौशल भी सीखें।

राष्ट्रपति ने यहां हैदराबाद पब्लिक स्कूल के शताब्दी समारोह पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ''भविष्य के लिए पाठ्यक्रम तैयार करते समय सभी हितधारकों को छात्रों के समग्र विकास को ध्यान में रखना चाहिए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि छात्र न केवल अकादमिक ज्ञान प्राप्त करें बल्कि जीवन कौशल भी सीखें।

मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को इसी उद्देश्य के साथ तैयार किया गया है। उन्होंने छात्रों के, अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि छात्रों को न केवल अपने विकास के लिए बल्कि दूसरों की प्रगति के लिए भी प्रयास करना चाहिए।

मुर्मू ने छात्रों से अपने काम के प्रति जुनून विकसित करने का आग्रह करते हुए कहा, ''आप वह काम कर सकते हैं जिससे आपको खुशी मिलती है। उन्होंने कहा, ''उस काम को करने से उन्हें जो सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी, उससे आपकी अन्य काम करने की क्षमता भी बढ़ेगी। राष्ट्रपति ने छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए 100 साल की यात्रा में हैदराबाद पब्लिक स्कूल की पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्थान ने अपने छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया है, जिससे हमारे देश को सम्मान और गौरव भी मिला है।

# 2024 में और भी कम संख्या के साथ विपक्ष में ही रहेंगे विपक्षी दल : मोदी

## संसद की घटना पर विपक्षी दलों के बयान खतरनाक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विपक्षी दलों पर संसद में सुरक्षा चूक की घटना को 'मौन और अप्रत्यक्ष' समर्थन देने का आरोप लगाया और कहा कि यदि उनका यही आचरण रहा तो 2024 के लोकसभा चुनावों में वे और भी कम सीटों के साथ विपक्ष में ही बैठे रह जाएंगे।

इस साल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संसदीय दल की आखिरी बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन के प्रचार अभियान का विषय तय किया और साथ ही 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस' यानी 'इंडिया' गठबंधन पर उनकी बैठक के मद्देनजर निशाना भी साधा।

संसद की कार्यवाही बाधित करने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए मोदी ने कहा कि वे हालिया विधानसभा चुनावों में हार से हताश होकर इस घटना को 'राजनीतिक तूल' दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य उनकी सरकार को उखाड़ फेंकना है लेकिन सरकार का लक्ष्य भारत का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करना है।

### नेतन्याहू से बातचीत में मोदी ने कूटनीति से इजराइल-हमास संघर्ष के समाधान की जरूरत दोहराई

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से बात की और इस दौरान मानवीय सहायता और बातचीत व कूटनीति के जरिए इजराइल-हमास संघर्ष के समाधान की जरूरत दोहराई। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री से टेलीफोन पर बात की और उन्हें इजरायल-हमास संघर्ष में हाल के घटनाक्रमों के बारे में जानकारी दी। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने समुद्री यातायात की सुरक्षा के संबंध में चिंताओं को साझा किया। पीएमओ के अनुसार, ''प्रधानमंत्री ने प्रभावित आबादी के लिए मानवीय सहायता जारी रखने की आवश्यकता को दोहराया और बातचीत तथा कूटनीति के माध्यम से सभी बंधकों की रिहाई सहित संघर्ष के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया।

### अनंतिम कर संग्रहण विधेयक, 2023 को लोकसभा से मंजूरी

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा ने अनंतिम कर संग्रहण विधेयक, 2023 को मंगलवार को मंजूरी दे दी, जिसके जरिये 1931 के संबंधित अधिनियम को निरस्त करने का प्रावधान किया गया है। निचले सदन में विधेयक पर हुई चर्चा का वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संक्षिप्त जवाब दिये जाने के बाद इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। सीतारमण ने कहा कि करों के अनंतिम संग्रह विधेयक 2023 में 1931 के विधेयक के मौजूदा प्रावधानों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि सट्टा गतिविधि को रोकने के लिए बजट में सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क दर में बदलाव को तत्काल प्रभाव से लागू करने के लिए यह प्रावधान हर साल लागू किया जाता है। वित्त मंत्री ने कहा कि अंतरिम अवधि में उत्पन्न होने वाली किसी भी संभावित अस्पष्टता (या भ्रम) को दूर करने के उपाय के तौर पर इस विधेयक को लाया गया है।

## 'इंडिया' गठबंधन की बैठक:

# प्रधानमंत्री पद के चेहरे पर फैसला चुनाव बाद

### ▪ सीट बंटवारा जनवरी मध्य तक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के प्रमुख नेताओं ने मंगलवार को यहां बैठक की, जिसमें यह फैसला किया गया कि जनवरी, 2024 के दूसरे सप्ताह तक सीट बंटवारे को अंतिम रूप देना है।

इस बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रधानमंत्री पद के चेहरे के बारे में फैसला चुनाव में जीत के बाद होगा। हालांकि, एमडीएमके नेता वायको ने कहा कि बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विपक्षी गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में दलित चेहरे के तौर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया। बैठक में कुल 28 दलों के नेता शामिल हुए।

बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संवाददाताओं से कहा, ''गठबंधन की आज चौथी बैठक में 28 दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। खुशी की बात है कि सभी ने एक होकर यह फैसला किया कि आगे किस तरह से मिलकर काम करना है। उन्होंने कहा कि सभी दलों ने 8-10 जनसभाएं करने का फैसला किया।

खरगे ने कहा कि पहले प्रदेश स्तर पर सीटों के तालमेल पर बात होगी और अगर कोई मुद्दा आया, तो राष्ट्रीय स्तर पर बात होगी।

प्रधानमंत्री पद के चेहरे से जुड़े सवाल पर खरगे ने कहा कि पहले जीत के आना है, इसके बाद इस बारे में बात होगी। उन्होंने कहा, ''हम पहले जीतने की कोशिश करेंगे, उसके बाद सांसद लोकतांत्रिक ढंग से फैसला करेंगे।

### संसद से 141 सदस्यों का निलम्बन भाजपा सरकार की निरंकुशता : खरगे

**नई दिल्ली/वार्ता।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि संसद के दोनों सदनों से विपक्ष के 141 सदस्यों के निलम्बन से साबित हो गया है कि मोदी सरकार लोकतंत्र को नष्ट कर तानाशाही के रास्ते पर चल रही है।

खरगे ने लोकसभा तथा राज्यसभा से संसद में सुरक्षा के मुद्दे पर हंगामा करने के कारण 141 सदस्यों के निलम्बन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी सरकार तानाशाही और निरंकुशता के रास्ते पर चल रही है और लोकतंत्र का इनके लिए कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा,संसद से कुल 141 विपक्षी सांसदों का निलंबन हमारे इस आरोप को पुष्ट करता है कि निरंकुश भाजपा देश में लोकतंत्र को ध्वस्त करना चाहती है।

## काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी भूमि स्वामित्व विवाद मामले में

# सर्वे के विरोध में दाखिल पांच याचिकाएं इलाहाबाद उच्च न्यायालय से खारिज



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**प्रयागराज/वार्ता।** काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी भूमि स्वामित्व विवाद मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को मुस्लिम पक्ष द्वारा मूल याचिका की पोषणियता पर प्रशन उठाने वाली और विवादित स्थल के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा सर्वे के विरोध में दाखिल पांच याचिकाएं खारिज कर दी।

उच्च न्यायालय ने जिन पांच याचिकाओं को खारिज किया है उनमें से तीन ज्ञानवापी मस्जिद कमेटी और दो उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने दायर की थी। इनमें से तीन याचिकाओं में 1991 में वाराणसी कोर्ट में दायर एक केस की मेरिट को चुनौती दी गई थी।

न्यायालय ने वाराणसी कोर्ट को इस मामले में 1991 में दायर मामले में से एक की सुनवाई छह महीने में पूरी करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने सभी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। अंजुमन इंतजामिया कमेटी और उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 1991 में वाराणसी की अदालत में दायर मूल वाद के मेरिट को चुनौती दी थी। यह केस वाराणसी कोर्ट में दायर है।

### ज्ञानवापी मामले को छह माह में निपटाने का निर्णय स्वागत योग्य : आलोक कुमार

**नई दिल्ली/वार्ता।** ज्ञान वापी मंदिर मामले पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए, विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने मंगलवार को कहा कि यह संतुष्टि की बात है कि काशी



विश्वनाथ की पुण्य भूमि को पुनः प्राप्त करने के मुकदमे को विलंबित और लंबा करने के सभी हथकंडे ध्वस्त हो रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद इस फैसले का स्वागत करती है। हम चाहेंगे कि मुस्लिम पक्ष अब अति-तकनीकी आपत्तियां उठाने से बचे और मामले को गुण-दोष के आधार पर लड़ें।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### जीते जी मुर्दा

दाउद जिंदा या मुर्दा है,
कैसे बोलें पाकिस्तां खुद।
उसकी गति सांप छछूंदर सी,
मन में शरीफ़ के है खुदबुद।
यह न्यूज फेक है या सच्ची,
है नहीं दिलों में अब हुदहुद।
छुप कर भागा भारत से जब,
मर गया उसी दिन ही दाउद।।

## नड्डा से मुलाकात के बाद बोले शिवराज

# शीर्ष नेतृत्व जो भी भूमिका तय करेगा, उसका निर्वहन करेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की और कहा कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व उनकी जो भी भूमिका तय करेगा, वह उसका निर्वहन करेंगे।

मध्य प्रदेश में मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद मंगलवार को पहली बार दिल्ली पहुंचे चौहान ने नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक यह मुलाकात एक घंटे से भी अधिक समय तक चली। बाद में पत्रकारों ने जब उनकी भावी भूमिका को लेकर सवाल किया तो चौहान ने कहा, ''एक कार्यकर्ता के नाते पार्टी जो भूमिका तय करेगी, वह मैं करूंगा।

यह पूछे जाने पर कि वह केंद्र की राजनीति में सक्रिय रहेंगे या फिर राज्य की राजनीति में, इसके जवाब में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''जो पार्टी तय करेगी। हम राज्य में भी रहेंगे, केंद्र में भी रहेंगे। एक अन्य सवाल के जवाब में चौहान ने कहा कि वह अपनी भूमिका के बारे में नहीं सोचते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं मेरे बारे में सोचता ही नहीं। जो अपने बारे में सोचता है वह अच्छा इंसान नहीं होता है। अगर आप एक बड़े मिशन के लिए काम करते हो तो पार्टी तय करती है कि आप कहां काम करोगे।

## इंडियन प्रीमियर लीग की खिलाड़ियों की नीलामी में

# आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बने स्टार्क

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




कोलकाता नाइट राइडर्स ने स्टार्क के लिए 24 करोड़ 75 लाख रुपये की बोली लगा दी।

**दुबई/भाषा।** मिचेल स्टार्क मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग की खिलाड़ियों की नीलामी में ऑस्ट्रेलियाई टीम के अपने गेंदबाजी जोड़ीदार और कप्तान पैट कमिंस को पछाड़कर 24 करोड़ 75 लाख रुपये के साथ आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने जबकि इस दौरान तेज गेंदबाजों के लिए बड़ी बोली लगी।

सनराइजर्स हैदराबाद के रिकॉर्ड 20 करोड़ 50 लाख रुपये में कमिंस को अपने साथ जोड़ने के कुछ ही घंटों बाद कोलकाता नाइट राइडर्स ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क के लिए 24 करोड़ 75 लाख रुपये की बोली लगा दी। स्टार्क पिछली बार 2015 में आईपीएल में खेले थे।

आईपीएल की हैरान करने वाली बोली का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया तेज गेंदबाजी तिकड़ी में शामिल जोश हेजलवुड के लिए किसी टीम ने बोली नहीं लगाई। उनका आधार मूल्य दो करोड़ रुपये था।

गुजरात टाइटंस और नाइट राइडर्स के बीच स्टार्क को लेकर रस्साकशी देखने को मिली लेकिन अंततः कोलकाता की टीम बाजी मारने में सफल रही।

तैंतीस साल के स्टार्क आम तौर पर आईपीएल पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को तरजीह देते हैं लेकिन आईपीएल तुरंत बाद होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए उन्होंने इस लुभावनी टी20 लीग की नीलामी में उतरने का फैसला किया।

स्टार्क आईपीएल के सिर्फ दो सत्र में खेले हैं जिसमें उन्होंने 27 मैच में 20.38 की औसत से 34 विकेट चटकाए हैं।

इसके विपरीत कमिंस आईपीएल में नियमित तौर पर खेलते आए हैं लेकिन एशेज और एकदिवसीय विश्व कप पर ध्यान देने के लिए 2023 टूर्नामेंट में नहीं खेले थे।

कमिंस के लिए भी फ्रेंचाइजी के बीच कड़ी जंग देखने को मिली। मुंबई इंडियन्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर, चेन्नई सुपरकिंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद ने उनके लिए लगातार बोली लगाई।

अंत में कमिंस सनराइजर्स की झोली में गए और उस समय आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने। कमिंस ने इंग्लैंड के सैम कुरेन को पीछे छोड़ा जिनके लिए पिछले साल पंजाब किंग्स ने 18 करोड़ 50 लाख रुपये खर्च किए थे।

आईपीएल नीलामी में कमिंस पर पहली बार बड़ी बोली नहीं लगी है। 2020 के टूर्नामेंट से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें 15 करोड़ 50 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा था।

निलंबित सांसद



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेता राहुल गांधी मंगलवार को नई दिल्ली में संसद भवन में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने निलंबित सांसदों के साथ शामिल हुए।

# कृत्रिम बारिश वायु प्रदूषण से निपटने का महंगा उपाय, राहत भी स्थायी नहीं: विशेषज्ञ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। क्या कृत्रिम बारिश हवा से प्रदूषकों का बिखराव कर सकती है? उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में आसमान साफ हो गया है और प्रदूषण का स्तर 'गंभीर' से सुधर कर 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गया है, लेकिन सवाल यह है कि 'क्लाउड सीडिंग' समस्या का दीर्घकालिक समाधान है या नहीं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह एक आकर्षक संभावना है और इससे ज्यादा कुछ नहीं। उन्होंने बुनियादी समस्या से निपटाने की जरूरत पर जोर दिया। कृत्रिम बारिश काफी खर्चीली है और इससे लगभग 100 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में बारिश कराने के लिए एक करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है। इससे मिलने वाली राहत भी स्थायी नहीं होती है।

'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' में विश्लेषक सुनील दहिया ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''कृत्रिम बारिश से मिलने वाली राहत अल्पकालिक है... और कुछ समय बाद प्रदूषक हवा में वापस आ जाते हैं, लिहाजा अधिक टिकाऊ समाधानों की जरूरत है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) या उत्तर भारत जैसे बड़े भौगोलिक क्षेत्र में कई दिनों तक कृत्रिम बारिश नहीं कराई जा सकती है और यह बात वायु प्रदूषण कम करने की तकनीक के रूप में इसके उपयोग की संभावना को सीमित करती है।

'क्लाउड सीडिंग' में विमान का उपयोग करके बादलों पर सिल्वर आयोडाइड या क्लोराइड जैसे लवण के कण का छिड़काव किया जाता है। ये लवण के कण नाभिक के रूप में काम करते हैं, जो बादलों के भीतर बर्फ के क्रिस्टल के निर्माण को बढ़ावा देते हैं। इसके बाद, बादलों में मौजूद नमी इन क्रिस्टल से चिपक जाती है, जिससे वर्षा होती है।

लंबे समय से चर्चा में रहा यह मुद्दा तब फिर से सुर्खियों में आ गया जब भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-कानपुर ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए 'क्लाउड सीडिंग' परीक्षणों में अपनी सफलता की घोषणा की।

आईआईटी कानपुर में टिकाऊ ऊर्जा इंजीनियरिंग में प्रतिष्ठित विशेषज्ञ सच्चिदानंद त्रिपाठी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, आईआईटी कानपुर के पास 'क्लाउड सीडिंग' उपकरण से लैस एक विमान है। विमान करीब चार घंटे तक 10,000 फुट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। संस्थान ने लवण का अपना नया 'सीडिंग सलूशन' भी विकसित किया है जिसे कृत्रिम बारिश शुरू करने के लिए 'क्लाउड सीडिंग' के लिए आजमाया गया है।

उन्हें सेंसर आधारित वायु गुणवत्ता नेटवर्क पर बड़े पैमाने पर शोध कार्य करने के लिए 'इंफोसेस प्राइज 2023' से सम्मानित किया गया है।

त्रिपाठी ने कहा कि इस प्रक्रिया के स्थायी प्रभाव की जांच की जा रही है।

भारत में 'क्लाउड सीडिंग' प्रयोग की सटीक लागत का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन माना जाता है कि लगभग 100 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में बारिश कराने पर एक करोड़ रुपये का खर्च आएगा। यह अनुमान मनिन्द्र अग्रवाल की अध्यक्षता वाली आईआईटी कानपुर टीम ने बताया है। अग्रवाल संस्थान में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर हैं।

दिल्ली-एनसीआर में नवंबर और दिसंबर के शुरुआती दिनों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 के पार दर्ज किया जा रहा था जो स्वीकार्य सीमा से 10 गुणा ज्यादा है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की वायु गुणवत्ता सूचकांक रिपोर्ट के अनुसार, 18 दिसंबर को दिल्ली में हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में थी और एक्यूआई 330 था।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने नवंबर में कहा था कि सरकार प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए बारिश कराने वाली तकनीक 'क्लाउड सीडिंग' के इस्तेमाल पर विचार कर रही है।

पर्यावरण शोधकर्ता कृष्ण अचुताराव के अनुसार, 'क्लाउड सीडिंग' के प्रभावी होने के लिए विशिष्ट वायुमंडलीय स्थितियों की जरूरत होती है।

# वायु गुणवत्ता खराब होने से सांस संबंधी बीमारियों के मामलों में वृद्धि: मांडविया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि विभिन्न अस्पतालों के निगरानी आंकड़ों के प्रारंभिक अवलोकन से पता चलता है कि हवा की गुणवत्ता खराब होने की अवधि के दौरान श्वसन संबंधी



बीमारी के मामलों में वृद्धि होती है। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र और जलवायु परिवर्तन व मानव स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय कार्यक्रम ने 18 राज्यों के लगभग 80 अस्पतालों में स्थापित प्रहरी निगरानी साइटों के माध्यम से तीव्र श्वसन बीमारियों पर निगरानी शुरू की है। मांडविया ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि यह निगरानी संबंधित वायु गुणवत्ता स्तर के संबंध में शहरों के प्रहरी अस्पतालों से रिपोर्ट की गई तीव्र श्वसन बीमारियों के रुझानों का निरीक्षण करने के लिए है। उन्होंने कहा, ''इस तरह के आंकड़ों से मिली प्रारंभिक टिप्पणियों से पता चलता है कि हवा की गुणवत्ता खराब होने की अवधि के दौरान सांस की बीमारी के मामलों में वृद्धि होती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'एआरआई' डिजिटल निगरानी डेटा अगस्त 2023 में एकीकृत स्वास्थ्य सूचना पोर्टल के माध्यम से शुरू किया गया था। वायु प्रदूषण श्वसन संबंधी बीमारियों और संबंधित बीमारियों के लिए प्रमुख कारकों में से एक है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि श्वसन प्रणाली सहित मानव शरीर का स्वास्थ्य कई अन्य कारकों से भी प्रभावित होता है जिसमें व्यक्तियों के भोजन, व्यवसाय, चिकित्सा सह-रुग्णता, प्रतिरक्षा और आनुवंशिकता आदि शामिल हैं।

मांडविया ने एक सवाल के जवाब में कहा, ''वायु प्रदूषण और फेफड़ों की बीमारी के बीच संबंध अच्छी तरह से स्थापित है।

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) ने पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पीएचएफआई) और इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन (आईएचएमई) के सहयोग से 2018 में 'भारत में मौतों, बीमारी के बोझ और जीवन प्रत्याशा पर वायु प्रदूषण का प्रभाव' शीर्षक से एक अध्ययन किया था।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने श्वसन रुग्णता पर वायु प्रदूषण में वृद्धि के तीव्र प्रभाव का दस्तावेजीकरण करने के लिए एक अध्ययन भी किया है।

मांडविया ने कहा, ''विश्लेषण से पता चला है कि प्रदूषण के स्तर में वृद्धि के साथ आपातकालीन कक्षों में जाने वाले रोगियों की संख्या में वृद्धि हुई थी। बच्चों में प्रभाव अधिक स्पष्ट था। केंद्रीय मंत्री ने वायु प्रदूषण के मुद्दों को हल करने के लिए उठाए गए कई कदमों को भी सूचीबद्ध किया।

## स्थानीय निकाय के नियमों में बदलाव से महाराष्ट्र को हो सकता है 8,000 करोड़ रुपये का नुकसान : पृथ्वीराज

मुंबई/भाषा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने मंगलवार को कहा कि केंद्र द्वारा पात्रता नियमों में बदलाव के कारण महाराष्ट्र को ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए मिलने वाले 8,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है।

पृथ्वीराज चव्हाण ने मांग की कि शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की गठबंधन सरकार धनराशि प्राप्त करने के लिए केंद्र से बात करे जिससे ग्रामीण विकास को लाभ होगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव पेश करने के बाद कहा, ''महाराष्ट्र को ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय शासी निकायों के लिए 8,000 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। हालांकि, केंद्र सरकार ने नियमों में बदलाव किया है जिसके तहत धन केवल उन्हीं क्षेत्रों को जारी किया जा सकता है जहां स्थानीय शासी निकाय कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में राज्य में शायद ही कोई स्थानीय शासी निकाय कार्यरत रही है।

## प्रेमिका से भागकर शादी करने वाले युवक के माता-पिता की पिटाई

चिक्कबल्लापुर। कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर जिले में एक युवक के अपनी प्रेमिका के साथ भागकर शादी करने के बाद लोगों ने युवक के माता-पिता पर हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक जिले के गुडीबांदा तालुक के दपर्थी गांव में हुई इस घटना के सिलसिले में लड़की के पिता और उसके तीन रिश्तेदारों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि युवक-युवती ने रविवार को घर से भागकर एक मंदिर में शादी कर ली। अगले दिन जब लड़की के परिवार वालों को इसकी जानकारी हुई तो वे लड़के के घर पहुंच गए और वहां जमकर हंगामा किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई और शादी के बारे में जानकारी होने का आरोप लगाते हुए लड़की के रिश्तेदारों ने लड़के के परिवार के साथ मारपीट की। लड़के के माता-पिता को गंभीर चोटें आईं हैं और उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

पीड़ितों ने एक शिकायत में आरोप लगाया कि उन पर पांच से अधिक लोगों ने सरियों और लाठी-डंडों से हमला किया। पुलिस ने लड़के के परिवार की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

## हिंदू समूहों ने कर्नाटक धार्मिक मेले में मुस्लिम विक्रेताओं पर की प्रतिबंध लगाने की मांग

विजयपुरा। हिंदू समूहों और श्री राम सेना के सदस्यों ने मंगलवार को कर्नाटक के विजयपुरा जिले में प्रसिद्ध ऐतिहासिक श्री सिद्धेश्वर संक्रमण धार्मिक मेले में मुस्लिम विक्रेताओं के व्यवसाय करने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। समूहों ने मुस्लिम विक्रेताओं को अनुमति दिए जाने पर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। इस धार्मिक मेले का इतिहास सौ साल से अधिक पुराना है और यह मकर संक्रांति के दौरान आयोजित किया जाता है। मेले की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसमें उत्तरी कर्नाटक और महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं।

## नाबालिग लड़कों ने 10 साल की लड़की से किया दुष्कर्म

कलबुर्गी। जिले में मंगलवार को दो नाबालिग लड़कों द्वारा चाकू की नोक पर 10 वर्षीय लड़की से बलात्कार करने और उसका वीडियो बनाने की घटना सामने आई है। यह घटना कलगी पुलिस स्टेशन की सीमा में हुई और पुलिस के अनुसार लड़की अपने रिश्तेदारों के साथ रह रही थी।उसके माता-पिता काम के लिए मुंबई गए थे। जब वह स्कूल जा रही थी, तभी 14 और 16 साल की उम्र के दो लड़कों ने उसका पीछा किया और उसे एक सुनसान जगह पर ले गए। लड़कों ने लड़की को चाकू से डराया और उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। आरोपियों ने इस कृत्य को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड भी किया। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। घटना के संबंध में अभी और जानकारी सामने आना बाकी है।

## शिक्षक ने बच्चों के कपड़े उतारकर की पिटाई, हुआ गिरफ्तार

बीदर। कर्नाटक पुलिस ने मंगलवार को एक निजी स्कूल से जुड़े फिजिकल एडुकेशन टीचर को छात्रों के कपड़े उतरवाने और फिर उनकी पिटाई करने के आरोप में पॉक्सो अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया। यह घटना बीदर जिले के हुमनाबाद पुलिस स्टेशन की सीमा में हुई। पुलिस के मुताबिक, शिक्षक ने कक्षा में शोर मचाने वाले छात्रों को सजा देने के लिए यह कदम उठाया। आरोपी शिक्षक ने 9वीं और 10वीं कक्षा के छात्रों को दरिंदगी का शिकार बनाया। छात्रों ने बताया कि शिक्षक ने न केवल उनके साथ दुर्व्यवहार किया बल्कि घटना के बारे में किसी को बताने पर परिणाम भुगतने की भी धमकी दी। माता-पिता ने जब अपने बच्चों के शरीर पर चोट के निशान देखे तो उन्हें घटना के बारे में पता चला। इसके बाद, माता-पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद शिक्षक की गिरफ्तारी हुई।


## भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जों के विनिर्माण में मूल्य श्रृंखला को बढ़ाना चाहिए: सचिव

कोलकाता/भाषा। भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जों के विनिर्माण में मूल्य श्रृंखला को 15 प्रतिशत के मौजूदा स्तर से बढ़ाना चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी) के सचिव एस कृष्णन ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि 15 प्रतिशत मूल्यवर्धन पर भी रोजगार की अपार संभावनाएं हैं और इस प्रयास में सरकार उद्यमियों का समर्थन करने को तैयार है। कृष्णन ने कहा, ''देश में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सरकार की नई नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारतीय कंपनियों द्वारा मूल्यवर्धन का वर्तमान स्तर 15 प्रतिशत है। इस प्रतिशत को बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए और सरकार समर्थन देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि देश में अधिक से अधिक इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जा विनिर्माण कंपनियां आनी चाहिए। उन्होंने सेमीकंडक्टर के बारे में कहा कि भारत को एक जुझारू आपूर्ति श्रृंखला की आवश्यकता है और सरकार ने सब्सिडी देने के लिए पांच साल की अवधि में 75,000 करोड़ रुपये की राशि खर्च करने का लक्ष्य रखा है।

# जयशंकर ने भारत-ब्रिटेन एफटीए में देरी पर आलोचना करने वालों पर निशाना साधा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ब्रिटेन के साथ प्रस्तावित 'मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए)' को अंतिम रूप देने में देरी के लिए भारत की आलोचना पर



कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि ऐसे समझौतों के लिए सावधानीपूर्वक विचार करने की जरूरत होती है क्योंकि ऐसे समझौते लोगों की आजीविका को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने सोमवार को कहा, बार-बार इस तरह की बातें सुनने को मिल रही हैं- भारत ब्रिटेन के साथ एफटीए पर जल्दी हस्ताक्षर क्यों नहीं कर रहा है? कोई यह नहीं कहता कि ब्रिटेन भारत के साथ जल्दी से हस्ताक्षर क्यों नहीं कर रहा है? तो कहीं न कहीं, हमें सामंजस्य बनाना ही होगा। विदेश मंत्री एक पुस्तक विमोचन समारोह में बोल रहे थे। भारत और ब्रिटेन एक महत्वाकांक्षी एफटीए को अंतिम रूप देने के लिए लगातार संवाद कर रहे हैं।

बताया जाता है कि दोनों पक्षों ने एफटीए की 26 में से 20 शर्तों को अंतिम रूप दे दिया है और अब वे कुछ वस्तुओं पर आयात शुल्क रियायतों सहित कई मुद्दों पर मतभेदों को दूर करने में जुटे हुये हैं। दोनों पक्षों ने पिछले साल अप्रैल में 'मुक्त व्यापार समझौते' को पूरा करने के लिए दिवाली की समय सीमा तय की थी, लेकिन कुछ मुद्दों पर मतभेदों के साथ-साथ ब्रिटेन में राजनीतिक घटनाक्रम के कारण समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका।

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, हम अभी कई प्रमुख साझेदारों के साथ कुछ गंभीर बातचीत करने में लगे हैं... मुझे लगातार ऐसा सुनने को मिल रहा है, भारत ब्रिटेन के साथ जल्दी से समझौता क्यों नहीं कर रहा है? कोई यह नहीं कहता कि ब्रिटेन जल्दी से भारत के साथ समझौता क्यों नहीं कर रहा? तो कहीं न कहीं, हमें सामंजस्य बनाना ही होगा। हम ऐसे लोगों में से नहीं जो अपने कदम पीछे खींच लें और हमें इसमें तेजी लानी चाहिए क्योंकि हर एफटीए और हर कदम अपने आप में एक उपलब्धि है। विदेश मंत्री ने अपने संबोधन में कहा, एफटीए जरूरी है लेकिन साथ ही विभिन्न प्रावधानों की सावधानीपूर्वक समीक्षा की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। जयशंकर ने कहा कि वह एफटीए की खूबियों और जोखिमों पर बेहद विवेकपूर्ण तरीके से विचार करना चाहते हैं क्योंकि भारत जैसे देश के लिए कोई भी निर्णय लाखों लोगों को प्रभावित कर सकता है और यह उनकी आजीविका का मामला हो सकता है। जयशंकर ने पिछले 75 वर्षों में भारत की विदेश नीति के बारे में आत्मविश्लेषण के महत्व को भी रेखांकित किया।

समारोह


हैदराबाद में मंगलवार को हैदराबाद पब्लिक स्कूल के शताब्दी समारोह की झलक। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी उपस्थित रही।

## बीते वित्त वर्ष में बैंकों के पास बगैर दावे वाला जमा राशि 28 प्रतिशत बढ़कर 42,270 करोड़ रुपये हुई

नई दिल्ली/भाषा। मार्च, 2023 तक बैंकों के पास बगैर दावे वाली जमा राशि 28 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 42,270 करोड़ रुपये हो गई है। यह जानकारी मंगलवार को संसद को दी गयी। वित्त वर्ष 2021-2022 में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों में 32,934 करोड़ रुपये बगैर दावे वाले जमा धन की तुलना में मार्च, 2023 के अंत में यह राशि 28 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 42,272 करोड़ रुपये हो गई। मार्च, 2023 के अंत तक 36,185 करोड़ रुपये की बगैर दावे वाली जमा राशि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास थी, जबकि 6,087 करोड़ रुपये निजी क्षेत्र के बैंकों के पास थे।

क्रिसमस


पटना में मंगलवार को पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान में क्रिसमस समारोह के दौरान स्कूली बच्चे सांता क्लॉज के मुखौटे पहने हुए।

# छत्तीसगढ़ के तीन बार मुख्यमंत्री रहे रमन सिंह अब विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रायपुर। छत्तीसगढ़ में वरिष्ठ भाजपा विधायक और 15 वर्ष तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे रमन सिंह को सर्वसम्मति से विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया है। आयुर्वेदिक चिकित्सक से नेता बने रमन सिंह ने 2003 से 2018 तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में अपने 15 साल के लंबे कार्यकाल के दौरान एक सक्षम प्रशासक के रूप में ख्याति अर्जित की है। मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना जैसी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के कारण रमन सिंह को 'चाउर वाले बाबा' (चावल वाले बाबा) कहा जाता है। इस योजना के तहत उनके कार्यकाल के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीब परिवारों को रियायती दरों पर चावल, नमक और चना दिया जाता था। रमन सिंह (71) के नेतृत्व में लड़े गए 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को बड़ी हार का



सामना करना पड़ा था। पंद्रह वर्ष के शासन के बाद पार्टी 15 सीट पर सिमट गई थी और माना जा रहा था कि पार्टी में रमन सिंह कद घटेगा लेकिन वह राज्य में पार्टी के सबसे प्रमुख नेताओं में से एक बने रहे। वर्ष 2018 में भाजपा की हार का कारण कथित भ्रष्टाचार, संगठन और सरकार के बीच समन्वय की कमी और ओबीसी वोट का एक बड़ा हिस्सा कांग्रेस को जाना बताया गया था। यहां तक कि भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने भी सिंह की कार्यशैली और नौकरशाहों पर अत्यधिक निर्भरता को लेकर नाराजगी व्यक्त की थी। लेकिन विकास-केंद्रित नेता के रूप में उनकी प्रतिष्ठा बरकरार रही। रमन सिंह का जन्म 15 अक्टूबर 1952 को कबीरधाम जिले के ठाठापुर गांव में एक प्रमुख अधिवक्ता विघ्नहरण सिंह के राजपूत परिवार में हुआ था। उन्होंने 1975 में रायपुर के सरकारी आयुर्वेद कॉलेज से 'बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी' (बीएएमएस) की डिग्री ली।

उनका राजनीतिक करियर 1983-84 में शुरू हुआ जब वह कवर्धा नगर निकाय के पार्षद चुने गये। वह पहली बार 1990 और 1993 में कवर्धा सीट से मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए। लेकिन 1998 के चुनाव में वह इस सीट से कांग्रेस के योगेश्वर राज सिंह से हार गए।

## सिद्दरामैया ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

# मुख्यमंत्री ने 18,177 करोड़ रुपये का सूखा पैकेज जारी करने की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके कार्यालय में मुलाकात की और राज्य में सूखे की स्थिति से निपटने के लिए 18,177.44 करोड़ रुपये का मुआवजा पैकेज तत्काल जारी करने की मांग की। राज्य के राजस्व मंत्री कृष्णा बैरेगौड़ा भी सिद्दरामैया के साथ थे। सिद्दरामैया ने मोदी को तीन पेज का पत्र सौंपा और केंद्र सरकार से सहायता मांगी। पत्र में लिखा है, कर्नाटक का एक बड़ा हिस्सा भयंकर सूखे का सामना कर रहा है। वर्ष 2020 के सूखा मैनुअल में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, राज्य के 236 तालुकों में से 223 को सूखा प्रभावित घोषित किया गया है। 223 सूखा प्रभावित जिलों में से 196 गंभीर रूप से प्रभावित हैं। लगभग 48.19 लाख हेक्टेयर कृषि और बागवानी फसलों को 33 से 100 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है। अधिकांश क्षेत्र में 80 प्रतिशत से अधिक नुकसान की सूचना है। छोटे और सीमांत किसान सबसे अधिक प्रभावित होते हैं, क्योंकि खेती के तहत लगभग 83 प्रतिशत भूमि छोटे और सीमांत कृषि जोत के अंतर्गत आती है। कर्नाटक ने फसलों को हुए नुकसान का आकलन किया है और एनडीआरएफ से 4,663.12 करोड़ रुपये की इनपुट सब्सिडी मांगी है।



नई दिल्ली में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को मैसूरु टोपी पहनाकर, शॉल ओढाकर एवं चन्दन की माला पहनाकर स्वागत किया।

यदि किसी कारण से एफआरयूआईटीएस डेटा पर अभी तक विचार नहीं किया जा सकता है, तो भारत सरकार पिछले रुझानों के आधार पर एसएमएफ श्रेणी और ओएसएमएफ (एसएमएफ के अलावा) श्रेणी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र का अनुमान लगाने और आंकड़े को 2023 तक अपडेट करने पर विचार कर सकती है। 4,860.13 करोड़ रुपये की राहत के लिए पहला ज्ञापन 22 सितंबर, 2023 को कृषि मंत्रालय को सौंपा गया था। ज्ञापन प्रस्तुत करने के बाद, भारत सरकार ने अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम (आईएमसीटी) की प्रतिनियुक्ति की, जिसने 4 से 9 अक्टूबर, 2023 के दौरान राज्य का दौरा किया। इसके बाद, 21 और तालुकों को सूखा प्रभावित घोषित किया गया। इसलिए एनडीआरएफ से 17,901.73 करोड़ रुपये की मांग करते हुए 10 अक्टूबर, 2023 को कृषि मंत्रालय को एक पूरक ज्ञापन सौंपा गया, इसमें 12,577.86 करोड़ रुपये का अनावश्यक राहत दावा शामिल था। सूखे की घोषणा के बाद, 4 नवंबर, 2023 को अतिरिक्त सात तालुकों में, 15 नवंबर, 2023 को कृषि मंत्रालय को एक और पूरक ज्ञापन सौंपा गया, जिससे कर्नाटक का कुल दावा 18,177.44 करोड़ रुपये हो गया। इस प्रकार, राज्य सरकार एनडीआरएफ से 18,171.44 करोड़ रुपये की सूखा राहत की मांग कर रही है। पत्र में सिद्दरामैया ने यह भी कहा है, हमें अपना पहला ज्ञापन सौंपे लगभग तीन महीने हो गए हैं और आईएमसीटी को अपना क्षेत्रीय दौरा किए हुए दो महीने हो गए हैं। कर्नाटक के किसान गहरे संकट में है। चूंकि फसलें बर्बाद हो गई हैं, इसलिए यह जरूरी है कि हम किसानों को इनपुट सब्सिडी का भुगतान जल्द करें ताकि उनकी कठिनाई और पीड़ा कम हो सके। इसके अलावा, मनरेगा के तहत, उन तालुकों के लिए जहां सूखा घोषित किया गया है, रोजगार के दिनों की संख्या 100 दिन प्रति जॉब कार्ड से बढ़ाकर 150 दिन प्रति जॉब कार्ड किया जाना चाहिए। इसके लिए एक अनुरोध किया गया है और मामला लंबे समय से ग्रामीण विकास मंत्रालय में लंबित है। कृपया इस अत्यंत महत्वपूर्ण मामले पर शीघ्र निर्णय लें।

## कम दाम पर सोना खरीदने के लालच में एक व्यापारी ने गंवाए 60 लाख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सस्ते में सोना देने का लालच देकर एक पॉन ब्रोकर को बुलाकर अज्ञात लोगों ने उस पर हमला कर उसके पास से 60 लाख रुपए लूटने की घटना के बाद बसवेश्वरनगर पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 52 लाख रुपए नकद एवं एक कार को जब्त किया है।

जानकारी के अनुसार एक पॉन ब्रोकर व्यापारी संकेत जैन को एक व्यक्ति ने दो दिन पूर्व फोन किया कि बहुत की कम दाम में 24 कैरेट सोना चाहिए तो वह बताई जगह आकर मिले।

फोन आने के बाद सोने के लालच में संकेत जैन बसवेश्वरनगर के सब-रजिस्ट्रार कार्यालय के पास आदर्श लेआउट में बने एक पार्क में 60 लाख रुपए लेकर पहुंचा। पार्क में उसे पांच लोगों ने घेरा और उस पर नारियल काटने वाले चाकू से हमला कर दिया। इन लोगों ने संकेत के हाथ से 60 लाख रुपए का बैग छीनकर और उसे घायल कर फरार हो गए।

पश्चिम विभाग के डीसीपी गिरीश के नेतृत्व में बसवेश्वरनगर पुलिस ने मामले की जांच करते हुए कुरुबरहल्ली के मोहम्मद रिजवान को गिरफ्तार किया और उसके पास से पुलिस को 50 लाख रुपए नकद और एक कार बरामद हुई। पुलिस ने जब उससे सख्ती से पूछताछ की तो जानकारी के आधार पर पुलिस ने अशरफ, सतीश, दिवाकर और मोहम्मद इरफान को भी पकड़ा। इनके पास से पुलिस को दो लाख रुपए मिले और उन्होंने बताया कि बाकी पैसे खर्च हो चुके।

## शो रूम में आग

बेंगलूरु। बेंगलूरु के ओल्ड एयरपोर्ट रोड स्थित मारथहल्ली में सोमवार रात को तीन मंजिला बिल्डिंग में एक कपड़ा शो रूम में आग लग गई। लुई फिलिप्स शो रूम के मैनेजर ने बताया कि आग के चलते लगभग 7 करोड़ रुपए का नुकसान हो गया है। रात्रि 12 बजे लगी आग को 6 दमकल के वाहनों ने जाकर काबू किया। पुलिस और फायर फोर्स के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने फर्जी वीडियो के मामले में बीआरएस नेता रामाराव पर निशाना साधा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव को आड़े हाथ लेते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी तेलंगाना विधानसभा चुनाव में इसलिये हार गयी, क्योंकि वह यह पुष्टि करना भी नहीं जानते कि फर्जी और संपादित वीडियो क्या है और सच क्या है। सिद्दरामैया ने बीआरएस पर भाजपा द्वारा बनाए गए फर्जी व संपादित वीडियो प्रसारित करने का आरोप लगाया और पार्टी (बीआरएस) को केंद्र में सतारूढ़ दल की पूरी तरह से बी टीम करार दिया।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर राव द्वारा साझा की गई एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही। राव ने एक कथित फर्जी संपादित वीडियो साझा किया है, जिसमें सिद्दरामैया कर्नाटक विधानसभा में यह कहते सुने जा सकते हैं कि चुनावी गारंटी को पूरा करने के लिये धन की कमी है ।

सिद्दरामैया ने एक्स पर लिखा, 'केटी रामा राव, क्या आप जानते हैं कि आपकी पार्टी तेलंगाना चुनावों में क्यों हार गई । क्योंकि आप इसकी पुष्टि करना भी नहीं जानते कि क्या फर्जी और संपादित है तथा क्या सच है। भाजपा फर्जी संपादित वीडियो बनाती है, और आपकी पार्टी उन्हें प्रसारित करती है।'

कांग्रेस नेता ने कहा, 'आपकी पार्टी पूरी तरह से भाजपा की बी टीम है।' विधानसभा में सिद्दरामैया के भाषण का वीडियो साझा करते हुये राव ने कहा था, कर्नाटक के मुख्यमंत्री कहते हैं कि चुनावी वादों/ गांरटी को पूरा करने के लिये धन नहीं है । चुनावों में सफलतापूर्वक लोगों की आंखों में धूल झोंकने के बाद क्या तेलंगाना के लिए भी भविष्य का यही खाका है । मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या आपको (इस तरह का) अपमानजनक बयान देने से पहले इसकी पड़ताल नहीं करनी चाहिए थी।




# कर्नाटक सरकार ने जारी किए कोविड संबंधित दिशानिर्देश

## मुख्यमंत्री आज करेंगे बैठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक सरकार ने देश में वर्तमान कोविड-19 स्थिति और पड़ोसी राज्य केरल में कोरोना वायरस के उप-स्वरूप जेएन.1 के मामले पता चलने के बाद, इस महामारी से बचाव के लिए मंगलवार को दिशानिर्देश जारी किए। स्वास्थ्यमंत्री दिनेश गुंडूराव ने बताया कि सभी एहितात बरती जा रही है। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के नेतृत्व में कल कोविड़ के संबंध में एक विशेष बैठक की जा रही है।

कोविड-19 संबंधित दिशानिर्देशों में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों, अन्य बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को घर से बाहर निकलने पर फेस मास्क पहनने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही इन्हें बंद स्थानों, कम हवा वाले स्थानों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचने के लिए कहा गया है।

सरकार ने केरल और तमिलनाडु की सीमा से लगे जिलों में अधिकारियों को सतर्क रहने, पर्याप्त जांच करने तथा कोविड मामलों को समय पर सूचीबद्ध करने का निर्देश देते हुए एक परिपत्र भी जारी किया।

इसमें, देश में कोविड-19 के वर्तमान परिदृश्य, कोरोना वायरस के उप स्वरूप जेएन.1 के मामले सामने आने, सर्द मौसम और विशेष रूप से नए साल के उत्सव के दौरान बंद स्थानों में अपेक्षित भीड़ के संदर्भ में आम जनता को एहतियाती उपायों का पालन करने के लिए कहा गया है। यही सलाह कोविड-19 राज्य तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) ने भी दी है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाओं के आयुक्त रणदीप डी. द्वारा जारी दिशानिर्देशों में कहा गया है, 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी बुजुर्ग, सहरुग्ण (विशेष रूप से गुर्दे, हृदय, यकृत की बीमारियों वाले), गर्भवती महिलाएं और स्तनपान कराने वाली माताएं जब भी बाहर जाएं तो फेस मास्क अवश्य पहनें और बंद स्थानों, कम हवादार स्थानों तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाने से जरूर बचें।

इसमें कहा गया है कि बुखार, खांसी, सर्दी और नाक बहने जैसे श्वसन संबंधी लक्षणों वाले सभी लोगों को शीघ्र चिकित्सा परामर्श लेना चाहिए और उन्हें फेस मास्क पहनना चाहिए।

परिपत्र के अनुसार, केरल में सामने आए कोविड 19 के मामलों को देखते हुए कर्नाटक में कुछ निवारक और जरूरी उपायों का पालन करना आवश्यक है। फिलहाल घबराने की या तुरंत प्रतिबंध लगाकर केरल और तमिलनाडु राज्यों की सीमा पर निगरानी बढ़ाने की जरूरत नहीं है।

इसमें कहा गया है, ''हालांकि, राज्य के केरल और तमिलनाडु से लगे सभी सीमावर्ती जिलों को सतर्क रहना होगा और पर्याप्त जांच तथा कोविड मामलों की समय पर सूचिबद्धता सुनिश्चित करनी होगी।

### कर्नाटक हिट एंड रन केस

## किसान की हत्या के आरोप में पुलिसकर्मी और उसका भाई गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बागलकोट। कर्नाटक पुलिस ने संपत्ति विवाद के सिलसिले में एक किसान की हत्या करने और घटना को हिट-एंड-रन मामले का रूप देने की कोशिश करने के आरोप में मंगलवार को एक कांस्टेबल और उसके भाई को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान विजयपुरा के जलानगर पुलिस स्टेशन से जुड़े कांस्टेबल मंसूर अली और उनके भाई महमूद के रूप में की गई है। कथित हिट-एंड-रन मामला 5 दिसंबर को सामने आया था। 55 वर्षीय पीड़ित मद्देसाब गलागली एक किसान था, जिसकी चोटों के कारण मौत हो गई थी। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, पीड़ित बाइक पर कहीं जा रहा था। इस दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। मामले की जांच करने पर, सावलागी पुलिस को मुधोल तालुक के शिरोला गांव में तीन एकड़ जमीन को लेकर पीड़ित और आरोपी के बीच संपत्ति विवाद का पता चला।

पुलिस कांस्टेबल ने सावधानीपूर्वक योजना बनाई और पीड़ित की बाइक में टक्कर मारकर हत्या को अंजाम दिया। शुरुआत में इसे हिट-एंड-रन मामले के रूप में देखा गया, लेकिन अब पुलिस हत्या के एंगल से जांच कर रही है।

## लड़की को भगाने से गुस्साए परिवार वालों ने लड़के के घर पर किया हमला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हावेरी। कर्नाटक के हावेरी जिले में एक सनसनीखेज घटना में बेटी के भागने से गुस्साए लड़की के माता-पिता और रिश्तेदारों ने सोमवार रात कथित तौर पर उसके प्रेमी के घर पर हमला कर दिया। उन्होंने घर में तोड़फोड़ की और लड़के के चाचा का अपहरण कर लिया, उन्हें निर्वस्त्र कर उनके साथ मारपीट की। यह घटना रानेबेन्नूर तालुक के मुडेनुरु गांव में हुई।

चलागेरी गांव की रहने वाली संगीता 15 दिसंबर को मुडेनुरु गांव के रहने वाले प्रकाश के साथ भाग गई थी। दोनों परिवारों के कड़े विरोध के बावजूद इस जोड़े ने अपना प्यार कायम रखा और शादी करने का फैसला किया। लड़की के परिवार को संदेह था कि प्रकाश के माता-पिता और रिश्तेदार उनका समर्थन कर रहे है।

वे एक समूह के रूप में एकत्र हुए और लड़के के परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया, जिससे अफरा-तफरी मच गई और तोड़फोड़ हुई। लड़के के चाचा प्रशांत को कथित तौर पर उनके साथ उनके वाहन में राणेबेन्नूर शहर जाने के लिए मजबूर किया गया। रिपोर्टों से पता चलता है कि प्रशांत की शर्ट उतार दी गई और कई बार पीटा गया। आरोप है कि थाने के सामने उनके साथ मारपीट की गई।

लड़के के परिवार ने राणेबेन्नूर ग्रामीण पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। सूत्रों से पता चला है कि दोनों परिवारों में पहले भी लोन के मामले को लेकर झगड़ा हुआ था। लड़की के परिवार ने हलगेरी पुलिस स्टेशन में शिकायत भी दर्ज कराई और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



### मुलाकात

बेंगलूरु में मंगलवार को राजभवन में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता साई कौस्तुव दास गुप्ता ने राज्यपाल थावरचन्द गहलोत से मुलाकात की।

### विमोचन



बेंगलूरु में 16 दिसम्बर को केनरा बैंक के प्रधान कार्यालय में प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के. सत्यनारायण राजू की अध्यक्षता में 190 वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में 'केनरा ज्योति' हाउस पत्रिका के 37वें अंक का विमोचन केनरा बैंक के एमडी और सीईओ सत्यनारायण राजू एवं अन्य शीर्ष अधिकारियों ने किया।

### प्रापर्टी परेड





बेंगलूरु में पुलिस आयुक्त दयानंद ने मंगलवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय में प्रापर्टी पेरड में शेषाद्रीपुरम् पुलिस द्वारा जब्त 20 से ज्यादा दोपहिया वाहन और यशवंतपुर पुलिस द्वारा लाखों रुपए के जब्त लैपटॉप और मोबाइल को देखा। गौरतलब है कि शेषाद्रीपुरम पुलिस ने डीसीपी शेखर के नेतृत्व में तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनसे 25 लाख रुपए मूल्य से अधिक के 20 दोपहिया वाहन जब्त किए हैं। वहीं यशवंतपुर पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर चुराये गए 50 लैपटॉप और 60 मोबाइल को जब्त किया है।



# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गृहजिले में पहुंचने पर जनसैलाब ने बिछाए पलक पांवड़े

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भरतपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पहली बार गृहजिले में पहुंचने पर जिले की सीमा से लेकर भरतपुर तक स्वागत में जनसैलाब उमड़ पड़ा। हर गांव, कस्बे, ढ़ाणी में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। ऐसा लगा मानो पूरा हाइवे फूलों से लदकद कर दिया हो। जिले की सीमा कमालपुरा पर सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक रूपिन्दर सिंह, जिला कलक्टर लोक बंधु एवं जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने अगवानी कर भावभीना स्वागत किया। रोड़ किनारे बनाये गये मंच पर जिले के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों नदबई विधायक जगत सिंह, डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह, नगर विधायक जवाहर सिंह बेढ़म, वैर विधायक बहादुर सिंह कोली, कामां विधायक सुश्री नौक्षम चौधरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने 101 किलो के पुष्पहार से स्वागत कर भरतपुर की प्रतीक गदा प्रदान कर स्वागत किया।

स्वागत से अभिभूत मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि अपनों के बीच आत्मीयता पाकर उन्हें संबल मिला है। प्रदेश के विकास में अब कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ग को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कर प्रदेश को अग्रणी राज्यों में शामिल किया जायेगा। उन्होंने केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलाये जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भी सभी को सक्रियता से भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बगरू विधायक कैलाश वर्मा, पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, पूर्व विधायक बयाना बच्चूसिंह बंसीवाल, पूर्व मेयर शिवसिंह भोंट, पूर्व उप जिला प्रमुख अभयवीर सोलंकी, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष रूपेंद्र सिंह, सोमकान्त शर्मा, मनोज भारद्वाज, गिरधारी तिवारी, सत्येंद्र गोयल, भानूसिंह राजावत, शिवानी दायमा, गोवर्धन सिंह जादौन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री का हर गांव-कस्बे में ग्रामीणों ने जेसीबी से पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत किया। हजारों की संख्या में महिला, पुरूष कतारबद्ध रूप से मुख्यमंत्री को देखने के लिए लालायित रहे। प्रत्येक नागरिक के हाथ में फूल एवं चेहरे पर उल्लास देखने को मिला।

मुख्यमंत्री शर्मा का जिले की सीमा कमालपुरा, बाछरैन, नसवारा, खेड़ली मोड़, छोंकरवाडा, आमोली, झालाटाला, सरसैना मोड़, हलैना, बेरी, अरौदा, हंतरा, डहरा मोड़, पहरसर, लुलहारा, बांसी, सिनपिनी, लुधावई, सेवर में जनसमूह ने फूलमालाओं से स्वागत किया। सैकडों वाहनों के काफिले में मुख्यमंत्री ने खुली कार में सवार होकर सभी का अभिवादन स्वीकार किया तथा आत्मीयता से मिलकर आमजन की शुभकामनाएं स्वीकार कीं।



## राजस्थान विधानसभा का दो दिवसीय सत्र आज से

जयपुर। राजस्थान की नवगठित 16वीं विधानसभा का पहला सत्र बुधवार से शुरू होगा जिसमें नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। राजभवन के प्रवक्ता के अनुसार, राज्यपाल कलराज मिश्र ने 16वीं विधानसभा का प्रथम सत्र बुलाने की स्वीकृति प्रदान की है। सत्र 20 दिसंबर से शुरू होगा। इस सत्र में पहले दिन अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) कालीचरण सराफ नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलवाएंगे।

दूसरे दिन 21 दिसंबर को शेष रहे विधायकों की शपथ दिलाई जाएगी और राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष के लिए चुनाव होगा। राज्य में विधानसभा की 200 में से 199 सीट पर 25 नवंबर को मतदान हुआ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 115 सीट जीतीं, जबकि कांग्रेस को 69 सीट मिलीं।

करणपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के निधन के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया था। इस सीट पर अब पांच जनवरी को मतदान होगा। भाजपा की ओर से वरिष्ठ विधायक वासुदेव देवनानी को विधानसभा अध्यक्ष बनाने की घोषणा की गई है।

# सड़क हादसे में चार की मौत, दो घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के अलवर जिले में मंगलवार को सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार विजय मंदिर थाना क्षेत्र में मंगलवार को सीमेंट से भरे ट्रोले और जीप की भिड़ंत के बाद ट्रोला, जीप पर पलट गया तथा जीप में सवार चार लोगों की मौत हो गई एवं दो अन्य लोग घायल हो गये। थानाधिकारी शिवदयाल ने बताया कि बिजली विभाग के अभियंता और तकनीशियन जीप से अलवर से नीमराणा जा रहे थे तथा जिंदोली घाटी में अलवर की तरफ से आ रहे सीमेंट के एक ट्रोले से जीप की भिड़ंत हो गई जिससे वह 30 फुट गहरे खड्डे में जा गिरी और बाद में सीमेंट का ट्रोला भी उस पर जा गिरा।

उन्होंने बताया कि इस हादसे में सहायक अभियंता सुरेन्द्र सोनी (52), तकनीशियन नटवर शर्मा (37), रवीन्द्र सिंह (38), और चालक बाबूलाल (40) की मौत हो गई जबकि कनिष्ठ अभियंता राजेश गुर्जर (38) और तकनीशियन मदन चंद (46) घायल हो गये। उन्होंने बताया कि घायलों को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

शिवदयाल ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये तथा ट्रोला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद ट्रोला चालक घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सांसदों के निलंबन से पूरा देश चिंतित है : गहलोत

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों के निलंबन पर मंगलवार को चिंता जताते हुए कहा कि संसद में जो कुछ भी हो रहा है वह पूरे देश के लिए चिंता का विषय है। गहलोत ने यहां संवाददाताओं से कहा, संसद में जो कुछ हो रहा है उससे पूरा देश चिंतित है। इनको (केंद्र सरकार) घमंड नहीं करना चाहिए... 24 (2024) के चुनाव भी आ रहे हैं... इनका एजेंडा सबको मालूम है। उन्होंने कहा, जिस तरह ये विपक्ष के साथ व्यवहार कर रहे हैं वह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। यह कोई दुश्मनी का खेल नहीं है राजनीति है। लोकतंत्र में लड़ाई विचारधारा और सिद्धांतों की होती है। गहलोत ने कहा कि सदन में विरोध आम बात नहीं है और तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विरोध के कारण 12-12 दिन सदन नहीं चल पाता था। बार बार सदन स्थगित होता उसके बाद अध्यक्ष के चैंबर में बैठक कर गतिरोध खत्म करने का प्रयास किया जाता। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष की मांग है कि संसद की सुरक्षा में सेंध पर गृहमंत्री सदन में बयान दें।



## मिश्र से विदेश सेवा के अधिकारियों ने की मुलाकात

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र से भारतीय विदेश सेवा के वर्ष 1998 और 1999 के तीन अधिकारियों ने रविवार को यहां राजभवन में मुलाकात की।

मिश्र ने इन अधिकारियों से संवाद करते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव रखते हुए भारतीय संस्कृति और गौरव के प्रसार के लिए कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर हरिशचंद्र माथुर राज्य लोक प्रशासन संस्थान के अतिरिक्त महानिदेशक महेंद्र सोनी भी उपस्थित थे।

# भगवान जगन्नाथ को समर्पित है ओडिशा का गोटीपुआ नृत्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

*उदयपुर। राजस्थान के उदयपुर में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की ओर से 21 दिसंबर से वृहद स्तर पर आयोजित हो रहे 'शिल्पग्राम उत्सव' में देशभर से आ रहे विभिन्न लोकनृत्यों में ओडिशा का गोटीपुआ नृत्य अपनी धमक और भक्ति को लेकर अहम स्थान रखता है।*

*गोटीपुआ नृत्य के नर्तक खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें भगवान की सेवा के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। पुरी में विराजे भगवान जगन्नाथ की सेवा का अवसर तमाम भक्त पाना चाहते हैं, लेकिन मिलता विरलों को ही है। ऐसे ही विरलों में शुमार हैं गोटीपुआ के नर्तक। दरअसल, गोटीपुआ लोक नृत्य पूर्ण रूप से भगवान जगन्नाथ को समर्पित है। भगवान का मनोरंजन कर उन्हें रिझाने के लिए यह नृत्य किया जाता है।*

*गोटीपुआ नृत्य समूह के प्रमुख कृष्ण कुमार ने बताया कि यही नृत्य ओडिशी क्लासिकल नृत्य का आधार भी है। वे बताते हैं, कभी देवदासियां, उनके बाद अन्य स्त्रियां भगवान जगन्नाथ की सेवा में रहती थीं। 1509 ईस्वी से भगवान की सेवा में लड़के लगाए गए। तब यह भी निर्णय लिया गया कि लड़कों को भगवान के वे सभी कार्य करने होंगे, जो पूर्व में स्त्रियां करती थीं, इसमें नृत्य भी शामिल था। वहीं मंदिर की सफाई इत्यादि के कार्य होते थे। ऐसे में लड़कों को स्त्री के रूप में ही मंदिर में प्रवेश करने की अनुमति दी गई। तभी से युवक नारी भेष में भगवान जगन्नाथ की सेवा में रहते हैं। इनका श्रृंगार और अदाकारी ऐसी होती है कि ये वाकई स्त्री ही लगते हैं।*

*उन्होंने बताया कि कालान्तर में गोटीपुआ नृत्य में एक्रोबेट भी शामिल हुआ, फिर भी इन लोक नर्तकों ने निरंतर अभ्यास और कुशल प्रशिक्षण के कारण अपनी अदाकारी में लावण्यता बरकरार रखी। यद्यपि आज नृत्य के दौरान इनके कई करतब देख दर्शकों की सांस थम जाती है।*

*कुमार बताते हैं कि 'गोटी' का मतलब होता है 'एक' तथा 'पुआ' का अर्थ है लड़का, यानी 'गोटीपुआ' का मतलब हुआ एक लड़का। इस नृत्य को करने वाले हर नर्तक को 'गोटीपुआ' कहा जाता है। इसी कारण से इस लोक नृत्य का नाम गोटीपुआ पड़ा। कृष्ण बताते हैं कि दरअसल, गोटीपुआ भगवान जगन्नाथ, शिव सहित सभी भगवानों की सेवा कर सकते हैं। इनके लिए किसी भी मंदिर में प्रवेश निषिद्ध नहीं होता।*

*गोटीपुआ के लोक नर्तक साड़ी, ब्लाउज, उत्तरी (कंधे से कमर तक का बेल्ट), पंची (कमर पट्टा), कमर के नीचे कूचो और उसके नीचे धोती जैसा पायजामा पहनते हैं। इनके वस्त्र दुल्हन के वेश की तरह चमचमाते हैं। साथ ही, गहनों में ये अपनी बाहों में बाहुटी, कलाई में बाजू ( विशेष तरह का कंगन), गले में माली (नाभि तक लंबा हार) और पैरों में घुंघरू पहनते हैं। इनके पैर के पंजों में आलता लगा होता है। यानी पूर्ण स्त्री रूप।*

*कुमार के अनुसार प्राचीनकाल में भगवान जगन्नाथ के प्रधान सेवक गजपति महाराज पुरी और आसपास की सात साही (सात गांव) में अखरासाल (शस्त्रागार) में सैनिकों को प्रशिक्षित करते थे। तब गोटीपुआ को भी शत्रु को पराजित करने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाता था। प्रशिक्षित गोटीपुआ अपने स्त्री रूप, अदाओं तथा नृत्य से शत्रुओं को मोहित करके मार देते थे। यानी गोटीपुआ नृत्य भगवान की सेवा के साथ ही सीमाओं की रक्षा में भी उपयोगी था।*

*उन्होंने बताया कि इस लोक नृत्य के विकास में गुरु मागुनी दास का विशेष योगदान रहा। वे ही इस नृत्य को 1994 में पेरिस तक लेकर गए। इस योगदान के लिए उन्हें 2004 में पद्मपुरस्कार प्रदान किया गया था।*

*इस विद्या के विकास के लिए पुरी में दशभुजा गोटीपुआ ओडिशी नृत्य परिषद काम कर रही है। इसमें फिलहाल 27 गोटीपुआ प्रशिक्षण ले रहे हैं। ये लड़के अपने प्रशिक्षण का खर्चा विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शित अपने नृत्य से होने वाली आय से वहन करते हैं।*



# राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड अभियान के सम्बन्ध में मुख्य सचिव ने ली बैठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड अभियान की राज्य स्तरीय ब्रॉडबैंड समिति की 9 वीं बैठक मंगलवार को शासन सचिवालय में आयोजित हुई। बैठक में श्रीमती शर्मा ने आरओडब्ल्यू और स्टेट आरओडब्ल्यू पोर्टल, सीबीयूडी मोबाइल एप्लीकेशन, डीसीआरआई, पीएम गतिशक्ति एनएमपी पोर्टल सहित अन्य सम्बंधित विषयों की प्रगति की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके विभागीय स्तर पर भूमि आवंटन एवं वन विभाग की मंजूरी के लंबित प्रकरणों सहित अन्य आवश्यक कार्य आपसी समन्वय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें, जिससे ऑप्टिकल फाइबर केबल, मोबाइल टावर इंस्टालेशन आदि के कार्य जल्द पूरे किये जा सके। बैठक में आयुक्त सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग श्री इंद्रजीत सिंह, अपर महानिदेशक(दूरसंचार) श्री बृजेश प्रजापति व दूर संचार विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे तथा राजस्व, नगरीय विकास, स्वायत्त शासन, पंचायती राज सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

## रिश्वतखोरी की शिकायत पर कार्रवाई के दौरान एसीबी की टीम से अभद्रता

जयपुर। राजस्थान में रिश्वतखोरी की शिकायत पर कार्रवाई के दौरान आरोपी उपखंड अधिकारी व तहसीलदार ने शिकायतकर्ता से मारपीट की तथा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम से भी अभद्रता की। घटना भीलवाड़ा के मांडलगढ़ की है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी उपखंड अधिकारी व तहसीलदार के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जा रहा है। एसीबी के बयान के अनुसार शिकायतकर्ता ने शिकायत दी कि न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मांड़लगढ़ में लम्बित राजस्व वाद में अस्थाई निषेधाज्ञा को स्थाई करवाने की एवज में मांडलगढ़ के उपखण्ड अधिकारी महेश गगोरिया द्वारा तहसीलदार राहुल धाकड़ के माध्यम से 50 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

एसीबी की टीम ने शिकायत का सत्यापन कर सोमवार को जाल बिछाकर कार्रवाई की। इसी दौरान एसीबी टीम की भनक लगने पर आरोपी महेश गगोरिया एवं राहुल धाकड़ ने शिकायतकर्ता से मारपीट की तथा उसका मोबाइल छीन लिया। आरोपियों ने एसीबी टीम के अधिकारी/कर्मचारियों के साथ अभद्रता की, जिसके संबंध में स्थानीय थाने में प्रशासन के कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज करवाया जा रहा है। इसके अनुसार मामले में आरोपियों के खिलाफ रिश्वत लेने का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## निजी स्कूल में प्रसाद खाने के बाद 15 विद्यार्थियों की तबीयत बिगड़ी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के बीकानेर जिले में प्रसाद खाने के बाद 15 विद्यार्थियों ने मिचली आने और घबराहट की शिकायत की जिस पर उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। बीदासर के थानाधिकारी जगदीश सिंह ने बताया कि यह घटना बीकानेर जिले के धनेरू गांव के एक निजी स्कूल की है। उनके अनुसार अज्ञात व्यक्ति द्वारा दिये गये पताशा और मखाने का प्रसाद खाने के बाद तीसरी एवं चौथी कक्षाओं के करीब 15 छात्र-छात्राओं ने चक्कर आने, मिचली आने और घबराहट की शिकायत की जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सिंह ने बताया कि सभी विद्यार्थी सात से 11 साल तक के हैं और उनके स्वास्थ्य की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। बीदासर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (प्रभारी) डॉ. मनीराम ने बताया कि विद्यार्थियों को चक्कर आने, सिर दर्द, मिचली आने और घबराहट की शिकायत पर उपचार के लिये लाया गया था।

# सहकारिता को नया स्वरूप प्रदान करें 100 दिन की कार्ययोजना एवं 25 वर्ष के विजन पर तेजी से कार्य करें : गुहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती श्रेया गुहा ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि वर्तमान समय में सहकारिता क्षेत्र में आए बदलावों को ध्यान में रखकर राज्य में भी सहकारिता को नया स्वरूप प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग 100 दिन की कार्ययोजना बनाकर इसकी क्रियान्विति पर कार्य करे। श्रीमती गुहा मंगलवार को सहकार भवन में विभागीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों के विजन को ध्यान में रखकर कार्य करें। सहकारिता में केपिसिटी बिल्डिंग पर ध्यान देने के साथ ही इस पर आधारित कार्ययोजना को बढ़ावा दिया जाए।

उन्होंने कहा कि सहकारिता में कार्ययोजना तैयार करते समय क्रेडिट सेक्टर, दलहन एवं तिलहन खरीद, रिटेल एवं आधारभूत ढांचे को ध्यान में रखकर मूर्त रूप दिया जाए।



उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का आने वाले समय में व्यापक स्तर पर उपयोग होगा। इसके लिए किसानों को ड्रोन उपलब्ध हो, इस पर कार्य किया जाए।

श्रीमती गुहा ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में केन्द्र सरकार द्वारा किए जा रहे नवाचारों को राज्य की आवश्यकता को ध्यान में रखकर अपनाएं जिससे कि इसका फायदा पात्र लोगों को मिल सके। उन्होंने उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पेन में कॉपरेटिव सेक्टर द्वारा ऑलिव ऑयल के प्रोडक्शन का उदाहरण दिया।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि अन्य राज्यों एवं अन्य देशों में सहकारिता के ढांचे का अध्ययन करें ताकि प्रदेश में भी सहकारिता के क्षेत्र को मजबूत किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को भी नए नवाचारों पर अपडेट रहने को कहा। इस अवसर पर रजिस्ट्रार सहकारिता श्री मेघराज सिंह रतनू, संयुक्त शासन सचिव सहकारिता श्री अबू बक्र सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

## बीएसएफ के जवान ने सर्विस राइफल से आत्महत्या की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जैसलमेर। भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तनोट के थाना अधिकारी ख़ुशनचंद ने बताया कि घटना सोमवार शाम को हुई और इसका कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि सीमा सुरक्षा बल के जवान मोहिन मोला (36) किशनगढ़ इलाके में ड्यूटी पर थे, जब उन्होंने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। उन्होंने कहा, आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं है और मौके से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है।

संघ के नेता गाडगे का सवाल

# जाति आधारित जनगणना से क्या हासिल होगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नागपुर/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पदाधिकारी श्रीधर गाडगे ने मंगलवार को कहा कि कोई जाति आधारित जनगणना नहीं होनी चाहिए और उन्होंने साथ ही सवाल किया कि इससे क्या हासिल होगा।

विदर्भ सह-संघचालक गाडगे ने संवाददाताओं से कहा कि इस तरह की कवायद से कुछ लोगों को राजनीतिक रूप से फायदा हो सकता है, क्योंकि इससे यह डेटा मिलेगा कि किसी निश्चित जाति की आबादी कितनी है, लेकिन यह सामाजिक रूप से और राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में अच्छा नहीं है।



उल्लेखनीय है कि कांग्रेस देशव्यापी जातीय जनगणना के पक्ष में है।

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के मंत्रियों और विधायकों ने मंगलवार को यहां रेशिमबाग में आरएसएस संस्थापक के बी हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक एम एस गोलवलकर के स्मारक का दौरा किया।

एक समाचार चैनल से बातचीत में गाडगे ने कहा, ''हमें लगता है कि जाति आधारित जनगणना नहीं होनी चाहिए, क्योंकि ऐसा करने का कोई कारण नहीं है। जाति आधारित जनगणना करके हमें क्या हासिल होगा? यह गलत है। उन्होंने कहा, ''हमारा स्पष्ट रुख है कि कोई असमानता, शत्रुता या झगड़ा नहीं होना चाहिए।

एक सवाल पर गाडगे ने कहा कि जाति आधारित जनगणना का आरक्षण से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा, ''आरक्षण एक अलग चीज है और आप जाति व्यवस्था को खत्म कर सकते हैं। मैं उस जाति का होऊंगा, जिसमें मैं पैदा हुआ हूं और जब यह (जाति) आरक्षण के अंतर्गत आएगी, तो इसका उल्लेख किया जाएगा।

# विपक्षी गठबंधन साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले और संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों का अपमान कर रहा : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल उतारे जाने के बाद विपक्ष पर निशाना साधते हुए मंगलवार को दावा किया कि 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस' यानी 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं की, पिछड़े और साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले और संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों का अपमान करने की परंपरा रही है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि धनखड़ एक साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं और उनकी जड़ें ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) समुदाय से जुड़ी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस तरह से उनका मजाक उड़ाया जा रहा है, वह दिखाता है कि 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के मन में संविधान और संसदीय मानदंडों के प्रति सम्मान नहीं के बराबर है और वे टकराव और व्यवधान के पक्ष में खड़े हैं।

संसद के दोनों सदनों से विपक्षी सदस्यों के निलंबन पर विरोध जताते हुए विपक्ष के सांसदों ने मंगलवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया और सदन की 'मॉक कार्यवाही' का आयोजन किया जिस दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल उतारी।

निलंबित सांसदों ने संसद के नए भवन के 'मकर द्वार' पर धरना दिया। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा सदस्य बनर्जी ने राज्यसभा की कार्यवाही के संचालन के दौरान सभापति जगदीप धनखड़ के बोलने की शैली की नकल उतारी। मौके पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी खड़े थे और वह मोबाइल फोन से बनर्जी द्वारा धनखड़ की नकल उतारे जाने का वीडियो बनाते देखे गए।



पूनावाला ने कहा कि लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने एक बार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 'राष्ट्रपत्नी' कहकर उनका अपमान किया था। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी कई मौकों पर उपहास किया है और उनका अपमान किया है जबकि वह भी ओबीसी समुदाय से और एक विनम्र पृष्ठभूमि से हैं।

चौधरी ने बाद में अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगी थी।

भाजपा नेता ने कहा कि गांधी को मोदी उपनाम वालों का अपमान करने के लिए एक अदालत ने दोषी भी ठहराया था।

पूनावाला ने आरोप लगाया कि विपक्षी नेता संसद को बंधक बना रहे हैं और देश के बजाय अपने और अपनी पार्टियों के हितों को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा, ''संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों का अपमान करने की उनकी पुरानी परंपरा रही है।

भाजपा प्रवक्ता ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि यहां तक कि वैश्विक एजेंसियों ने भी लोगों के बार-बार समर्थन के बाद 'मोदी की गारंटी' पर अपनी मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के कार्यकाल में भारत की प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हो गई है जबकि मध्यम वर्ग की आय चार गुना बढ़ गई है और सामाजिक कल्याण पर खर्च 6.6 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 22.4 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी और प्रत्यक्ष कर संग्रह रिकॉर्ड गति से बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के कार्यकाल में जहां कमजोर स्थिति में थी वहीं यह बढ़कर आज शीर्ष पांच में पहुंच गई है।

# झारखंड के मुख्यमंत्री सोरेन ने राज्य की पुरानी सरकारों की खिंचाई की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हजारीबाग/भाषा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पिछले दो दशकों के दौरान राज्य में कथित कुशासन और गरीब लोगों की उपेक्षा के लिए पिछली सरकारों पर निशाना साधा।

सोरेन ने दावा किया कि उनकी सरकार के दौरान झारखंड ने कोयले पर 1.36 लाख करोड़ रुपये की रॉयल्टी का भुगतान करने में केंद्र की टाल-मटोल के बावजूद पिछले चार वर्षों में जबरदस्त प्रगति की है।

सोरेन, राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)की अगुवाई वाले गठबंधन के दिसंबर, 2019 में सत्ता आने के बाद मुख्यमंत्री बने थे।

झारखंड 15 नवंबर, 2000 को अस्तित्व में आया था और तबसे



राज्य में ज्यादातर समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार रही।

सोरेन ने कहा, पिछली सरकारों ने झारखंड के लोगों, खासकर समाज के कमजोर वर्ग के लिए कुछ काम नहीं किया। विधवाओं समेत गरीब लोगों को अपनी पेंशन पाने के लिए दर-दर भटकना पड़ता था।

सोरेन ने यह बयान सोमवार को हजारीबाग जिले के इचाक में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' पर आयोजित कार्यक्रम में एक सभा को संबोधित करते हुए दिया।

झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा, पिछली सरकार के दौरान दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) कमांड क्षेत्र के तहत सात जिलों में बिजली की आपूर्ति बकाया भुगतान के बहाने काट दी गई थी। लेकिन जब हम केंद्र सरकार से अपना वैध बकाया मांगते हैं तो वह अड़ियल रवैया अपनाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर झारखंड सरकार को परेशान करने की कोशिश की और उसकी मुश्किलें बढ़ाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, ईडी ने मुझे और कई अन्य अधिकारियों को समन जारी किया लेकिन हमने उसे नजरअंदाज किया और राज्य का विकास किया।

# कमिंस के लिए 20 करोड़ की बोली लगने की उम्मीद नहीं थी: कुंबले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता कप्तान पैट कमिंस को उनके नेतृत्व कौशल के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में 20.50 करोड रुपए की मोटी कीमत पर खरीदा गया।



सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल की छोटी नीलामी में कमिंस को अपनी टीम से जोड़ा। उसके अलावा मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और चेन्नई सुपर किंग्स ने भी इस तेज गेंदबाज में अपनी दिलचस्पी दिखाई थी।

पूर्व भारतीय कोच कुंबले ने जिओ सिनेमा से कहा, ''यह वास्तव में बहुत बड़ी कीमत है। 20 करोड रुपए की उम्मीद नहीं की गई थी। हम जानते थे कि उसके लिए ऊंची बोली लगेगी लेकिन 20 करोड रुपए, यह तो रिकॉर्ड ही बन गया।

कमिंस के नाम पर आईपीएल नीलामी में सबसे अधिक कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ी का रिकॉर्ड हालांकि कुछ देर तक ही रहा क्योंकि उनके साथी तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 24.75 करोड रुपए में खरीद कर नया रिकॉर्ड बनवा दिया।

कुंबले ने कमिंस के बारे में कहा, ''सनराइजर्स शायद कप्तान की तलाश में है और इसलिए वह उसे खरीदने के लिए बेताब दिखा। आरसीबी भी संभवत: लंबी अवधि के लिए कप्तान की तलाश में है। पैट कमिंस को शुभकामनाएं। उनके नाम पर तीन विश्व खिताब हैं लेकिन यह सोने पर सुहागा है।

# उत्तराखंड में अगले साल होने वाले राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए तैयारियां शुरू : धामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

देहरादून/भाषा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए विभिन्न सुविधाएं तैयार करने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है और इसके लिए राष्ट्रीय खेल सचिवालय का गठन किया गया है। यहां महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का उद्घाटन करने के मौके पर धामी ने कहा कि खेल सचिवालय से इन खेलों का संचालन बेहतर रूप से किया जा सकेगा। प्रदेश में अगले साल राष्ट्रीय खेल आयोजित किए जाने हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट प्रदान की जाएगी।




मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्तर पर आयोजित होने वाला इस खेल महाकुंभ का उद्देश्य प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर की बड़ी खेल प्रतियोगिताओं के लिए भी तैयार करना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेल प्रदेश की खेल प्रतिभाओं के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा, '' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि भारत ने हाल में चीन में संपन्न हुए एशियाई खेलों में रिकार्ड 107 पदक जीते। उन्होंने कहा, ''प्रदेश में भी गांव से लेकर शहर तक के युवा खिलाड़ियों के लिए अभिनव प्रयोग किये जा रहे हैं। हरिद्वार में फ्लाईओवर के नीचे खाली पड़ी जगह का प्रयोग कर वहां बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबाल कोर्ट, ओपन जिम आदि बनाये जा रहे हैं।

# राज्यसभा के सभापति, लोकसभा अध्यक्ष की नकल उतारना अस्वीकार्य : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन के दौरान एक लोकसभा सदस्य द्वारा उपराष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष की कथित तौर पर नकल उतारे जाने की घटना पर मंगलवार को गहरी आपत्ति जताते हुए इसे अस्वीकार्य करार दिया। संसद के दोनों सदनों से 90 से अधिक विपक्षी सदस्यों के निलंबन पर विरोध जताते हुए विपक्ष के सांसदों ने मंगलवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया और सदन की 'मॉक कार्यवाही' का आयोजन किया।

निलंबित सांसदों ने संसद के नए भवन के मकर द्वार पर धरना दिया। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा सदस्य कल्याण बनर्जी ने



राज्यसभा के सभापति और लोकसभा के अध्यक्ष द्वारा, सदनों की कार्यवाही का संचालन किए जाने की नकल उतारी। मौके पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी खड़े थे और वह बनर्जी द्वारा कार्यवाही के संचालन की नकल किए जाने का मोबाइल फोन से वीडियो बनाते देखे गए।

इससे पहले संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष विपक्षी सदस्यों ने प्रदर्शन किया जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार भी शामिल हुए।

एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही आरंभ हुई तो सभापति धनखड़ ने इस घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस प्रकार का 'असंसदीय' आचरण अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा, ''मैंने कुछ देर पहले एक टीवी चैनल पर देखा... गिरावट की कोई हद नहीं है... एक बड़े नेता, एक सांसद के असंसदीय आचरण का वीडियो बना रहे थे... आपसे भी बहुत बड़े नेता हैं... मैं तो यही कह सकता हूं कि उन्हें सद्बुद्धि आए... कुछ तो सीमा होती होगी... कुछ जगह तो बख्शो। जब एक सदस्य ने इस बारे में विस्तार से जानना चाहा तो धनखड़ ने कहा कि राज्यसभा के सभापति और लोकसभा अध्यक्ष का कार्यालय बहुत अलग है वहीं दूसरी ओर राजनीतिक दलों के बीच आपसी टीका-टिप्पणी होती ही रहती है। उन्होंने कहा, ''लेकिन कल्पना करिए, आपकी पार्टी का एक बड़ा नेता... वरिष्ठ नेता... एक दूसरी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य की वीडियोग्राफी कर रहा है। राज्यसभा के सभापति की मिमिक्री (नकल) कर रहा है, लोकसभा अध्यक्ष की मिमिक्री कर रहा है।

# कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन समिति बनाई, वासनिक संयोजक होंगे

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन और सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप देने के मकसद से मंगलवार को पांच सदस्यीय राष्ट्रीय गठबंधन समिति का गठन किया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक इस समिति के संयोजक होंगे। इस समिति में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पार्टी के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद और मोहन प्रकाश भी शामिल हैं। कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक शुरू होने से कुछ देर पहले इस समिति की घोषणा की है।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत का कद बढ़ा: भूपेंद्र यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत का कद बढ़ा है और दुनिया नवाचार एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उसके नेतृत्व को पहचानने लगी है। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''भारत महज 615 करोड़ रुपये खर्च कर चंद्रमा पर सफलतापूर्वक पहुंच गया। चंद्रयान 3 के साथ भारत की अंतरिक्ष यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण बातों में से एक आत्मनिर्भरता का महत्व है जबकि इसके शुरुआती मिशन अंतरराष्ट्रीय साझेदारी पर निर्भर थे, चंद्रयान 3 आत्मनिर्भरता की दिशा में एक कदम था। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष




(आईएमएफ), विश्व बैंक और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने चीन और अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए भारत के उल्लेखनीय आर्थिक सुधार को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा, ''जब कोविड महामारी आई तो दुनिया ने सोचा कि भारत धराशायी हो जाएगा। लेकिन, कोविड के प्रति इसकी प्रतिक्रिया दुनिया के लिए एक उदाहरण बन गई। भारत ने न केवल सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाया, बल्कि दुनिया का सबसे तेज ऐसा अभियान भी चलाया। और क्या है? टीके भारत में बनाए गए। देश के कोविड वैक्सीन मैत्री कार्यक्रम ने 100 से अधिक देशों की सहायता की।

केंद्री मंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 में भारत ने सकल घरेलू उत्पाद में ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया, वह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया।

# चोट से उबरने की प्रक्रिया जारी है, पूरी तरह फिट होने में अभी कुछ समय लगेगा : ऋषभ पंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दुबई/भाषा। भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने प्रशंसकों के प्यार और स्नेह के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने के लिए उन्हें अभी कुछ महीने और लगेंगे।

पंत पिछले साल कर दुर्घटना में घायल हो गए थे और इस कारण वह 2023 में पूरे वर्ष नहीं खेल पाए थे। इस दुर्घटना के कारण उन्हें अपने घुटने का ऑपरेशन करवाना पड़ा था। वह आईपीएल की नीलामी के दौरान टीम निदेशक सौरव गांगुली और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के साथ उपस्थित रहेंगे।

दिल्ली कैपिटल्स ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें पंत ने कहा,'' मुझे लगता है कि पिछले कुछ महीनों की



तुलना में मैं अब काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं अब भी शत प्रतिशत फिटनेस हासिल करने की राह पर हूं। लेकिन उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में मैं पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा।

पंत के सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद प्रशंसकों ने उनके प्रति जो प्यार और स्नेह दिखाया वह इस विकेटकीपर बल्लेबाज के दिल को छू गया जिसका अहसास उन्हें पहली बार हुआ। उन्होंने कहा कि इसे जल्दी फिट होने में उन्हें मदद मिली।

इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा,'' यह वास्तव में शानदार अहसास है क्योंकि जब हम क्रिकेट खेलते हैं तो ऐसा लगता है कि कोई हमसे प्यार नहीं करता क्योंकि कई चीजों का दबाव रहता है। लेकिन वास्तव में यह काफी मुश्किल समय था और मुझे पता चला कि लोग हमें प्यार करते हैं। वे हमारा सम्मान करते हैं और मेरे चोटिल होने के बाद वे भी चिंतित थे। यह दिल को छूने वाला था और मेरे लिए यह काफी मायने रखता है। उन्होंने कहा,''जब आप बुरे दौर से गुजर रहे होते हैं या आपके साथ ऐसा कुछ होता है तो यह केवल शारीरिक ही नहीं मानसिक लड़ाई भी होती है और अगर आपके प्रशंसक आपके प्रति प्यार और स्नेह दिखाते हैं तो यह काफी मायने रखता है और इससे वास्तव में चोट से उबरने में मदद मिली।

# 'बिटकॉइन पोंजी' मामले में छापेमारी के बाद ईडी ने महिला को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने 'बिटकॉइन पोंजी स्कीम' के प्रवर्तकों के खिलाफ हालिया छापेमारी के बाद एक महिला को गिरफ्तार किया है और तीन लक्जरी कार तथा कुछ आभूषण जब्त किए हैं। आरोप है कि इस योजना के तहत जनता से बिटकॉइन के रूप में लगभग 6,600 करोड़ रुपये एकत्र किए गए।

ईडी ने एक बयान में कहा कि सिम्पी भारद्वाज उर्फ सिम्पी गौड़ को 17 दिसंबर को हिरासत में लिया गया था और अगले दिन उसे मुंबई में विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे 26 दिसंबर तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया गया।

# विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की बैठक के दिन पटना में लगे पोस्टर, नीतीश को अहम भूमिका देने की मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पटना/भाषा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राष्ट्रीय राजनीति में बड़ी भूमिका सौंपने की मांग वाले पोस्टर मंगलवार को राज्य की राजधानी पटना के कई हिस्सों में लगाए गए। कुमार विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली गए हुए हैं।

यहां लगाए गए इन पोस्टर के बारे में कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की ओर से त्वरित स्पष्टीकरण आया है कि उसका इन पोस्टर से कोई लेना-देना नहीं है।

जदयू के सर्वोच्च नेता कुमार ने पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि उनकी कोई व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं, उनका एकमात्र उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर




पर विपक्षी एकता को मजबूत करना है।

बिहार में जदयू के साथ महागठबंधन सरकार में शामिल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने अपनी ओर से यह स्पष्ट कर दिया है कि प्राथमिक लक्ष्य लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराना है और अगर इस प्रक्रिया में मुख्यमंत्री को शीर्ष पद मिलता है, तो यह बिहार के लिए गर्व की बात होगी। जदयू के मुख्य प्रवक्ता और विधानपरिषद नीरज कुमार ने कहा, यह ज्ञात नहीं है कि पोस्टर किसने लगाए हैं। लेकिन इसके निश्चय (संकल्प) में कोई भी दोष नहीं निकाल सकता है।

वह कुमार की तस्वीर वाले पोस्टरों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिनमें लिखा है, अगर सच में विजय चाहिए तो फिर एक निश्चय चाहिए।

पोस्टर में वर्णित शब्द निश्चय नीतीश कुमार सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम की याद दिलाते हैं जो समाजवादी नेता और और बिहार में सबसे लंबे लंबी अवधि तक मुख्यमंत्री रहे कुमार के निचले स्तर तक का विकास मॉडल है।

ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली बैठक में विभिन्न पार्टियां इस बहुदलीय गठन में कुछ हद तक एकजुटता लाने के लिए सत्तर वर्षीय कुमार को 'इंडिया' गठबंधन के संयोजक के रूप में नामित करने पर सहमत हो सकती हैं।

कुमार ने जून में यहां देश भर के भाजपा विरोधी नेताओं की पहली बैठक की मेजबानी की थी और एक महीने बाद बेंगलूरु में आयोजित सम्मेलन में 'इंडिया' गठबंधन नाम पर सहमति बनी थी।

## सुविचार

**किसी की चंद गलती पर न कीजिये कोई फैसला, बेशक कमियां होगी पर खूबियां भी तो होगी।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# ‘अति’ और ‘मति’

संस्कृत की एक सूक्ति ’अति सर्वत्र वर्जयेत’ यानी ’किसी भी काम में अति या मर्यादा का उल्लंघन नहीं करना चाहिए’ इस सदी में अत्यंत प्रासंगिक है। आज ’अति’ की वजह से कई समस्याएं पैदा हो रही हैं। रात को बहुत देर तक जागना और सुबह देर से उठना भी एक ’अति’ है, जो रोगकारी होती है। संबंधों में मर्यादा का घटता स्तर ’अति’ का परिणाम है। इससे परिवार टूट रहे हैं। मोबाइल फोन के ’अति’ उपयोग ने तो मानव जीवन को इस हद तक प्रभावित कर दिया है कि अब इसकी ’लत’ से निजात दिलाने के लिए कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जर्मनी के रुर विश्वविद्यालय, बोचम और जर्मन सेंटर फॉर मेंटल हेल्थ के अनुसंधानकर्ताओं का यह कहना है कि अगर आपको अपना दिमाग दुरुस्त रखना है तो सोशल मीडिया से कुछ दूरी बना लें। दूसरे शब्दों में कहें तो सोशल मीडिया को कम समय दें, परिवार, मित्रों, समाज से मेलजोल बढ़ाएं। बेशक सोशल मीडिया से कई फायदे हैं। इसने लोगों को जोड़ने, किसी मुद्दे को लेकर आवाज उठाने, प्रतिभाओं को पहचान दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कई लोगों के उद्यम में सफलता का श्रेय सोशल मीडिया को जाता है। अगर यह मंच न होता तो उन्हें अधिक लोग नहीं जान पाते। आज विज्ञान के इस वरदान का विवेकपूर्ण ढंग से उपयोग करने और एक सीमारेखा निर्धारित करने की जरूरत है। जर्मन विवि के उक्त शोध के इन शब्दों पर ध्यान देने की जरूरत है – ’सोशल मीडिया से दूरी बनाने से लोगों को अपना काम करने का अधिक वक्त मिलता है और उन्हें ध्यान भटकने की समस्या भी कम होती है।’


इस संबंध में पत्रिका ‘बिहेवियर एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी’ में प्रकाशित अध्ययन की लेखिका जूलिया ब्रेलोव्स्किया ने सत्य कहा है कि ‘जो लोग सोशल मीडिया फीड पर नजर रखने के लिए अपना काम रोक देते हैं, उनके लिए काम पर ध्यान केंद्रित करना और मुश्किल हो जाता है।’ प्राय: यह देखने में आता है कि कार्य–स्थल पर कुछ लोग अपने मोबाइल फोन में व्यस्त रहते हैं। इससे वे अपने काम पर पूरा ध्यान नहीं दे पाते। उनसे ग़लतियां हो जाती हैं। जो लोग सोशल मीडिया को बहुत ज्यादा समय देते हैं, वे कई बार जरूरी काम भूल जाते हैं। हर चीज खोजने के लिए इंटरनेट का सहारा लेने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है, जिससे कभी–कभार इतना समय और धन खर्च हो जाता है कि बहुत देर से पता चलता है। एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में उच्चाधिकारी भारतीय युवक को जब कानूनी पत्रावली के किसी शब्द का अर्थ जानना होता था तो वे इंटरनेट की मदद लेते थे। वहां उसका अर्थ तो मिल जाता, लेकिन शॉपिंग संबंधी विज्ञापन देखकर उनका ध्यान भटकता था। वे उन विज्ञापनों के जरिए दूसरी वेबसाइट पर चले जाते और वहां काफी समय तक नए–नए उत्पाद ढूंढ़ते रहते। वे सोशल मीडिया पर उस उत्पाद के रिव्यू पढ़ते रहते थे। जो उत्पाद उन्हें पसंद आता, उसे खरीद भी लेते थे। एक दिन उन्होंने विचार किया कि वे इंटरनेट की दुनिया में इतने खो गए हैं कि न तो ठीक तरह से काम पूरा कर पाते हैं और न परिवार को समय दे पाते हैं। नींद भी पूरी नहीं होती। उसके बाद उन्होंने तय किया कि वे इंटरनेट का उतना ही उपयोग करेंगे, जितना जरूरी हो। सोशल मीडिया से पूरी तरह रिश्ता नहीं तोड़ेंगे, लेकिन इसके लिए समय सीमित रखेंगे। उन्होंने एक प्रसिद्ध विद्वान का शब्दकोश खरीदा। साथ ही बांग्ला के एक प्रख्यात लेखक की दो किताबें खरीदीं, जिन्हें वे कॉलेज के समय में खरीदना चाहते थे, लेकिन तब आर्थिक तंगी की वजह से नहीं खरीद पाए थे। उन्होंने ’अति’ से दूरी बनाई तथा ’मति’ (बुद्धि) एवं विवेक का उपयोग किया। अब उनके जीवन में खुशियां हैं, सुकून है और परिवार, मित्रों व समाज के लिए पर्याप्त समय है।

## ट्वीटर टॉक



आज जयपुर से भरतपुर यात्रा के दौरान दौसा जिले की दौसा, सिकराय, बांदीकुई, महवा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा परिवार के कर्मठ कार्यकर्ताओं व देवतुल्य जनता जनार्दन द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत व अभिनंदन से भाव विभोर हूं।

**–भजनलाल शर्मा**



भारतीय राजस्व सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने संसद भवन में भेंट की। भारत आज विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, इसमें इन अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान होगा। अधिकारी पूर्ण निष्ठा, समर्पण और संवेदना के साथ देश तथा देशवासियों की सेवा को लक्षित करें।

**–ओम बिरला**



देश के उपराष्ट्रपति जैसे उच्चतर पद पर आसीन माननीय श्री जगदीप धनखड़ जी का उपहास उड़ाकर उनका अपमान करना और राहुल गांधी जैसे लोगों द्वारा इस कृत्य का समर्थन करना, विडियो बनाना अत्यंत ही शर्मनाक है, घोर निंदनीय है।

**–दीया कुमारी**

## प्रेरक प्रसंग

# अन्न का आदर

छात्रावास में छात्रों को भोजन परोसा गया तो कई छात्रों ने प्लेट में रखी सब्जी को देखकर नाक–भौं सिकोड़ ली। उस दिन बैंगन का भुर्ता बना था। छात्र शोर मचाकर विरोध प्रकट करने लगे। कुछ छात्रों ने जली हुई रोटी के किनारे तोड़े और प्लेट में पानी डालकर प्लेट दूर खिसका दी। तभी बाहर एक व्यक्ति भोजन करने आए छात्रों के जूतों को उठाकर करीने से रख रहा था। शोर बढ़ने पर वह अंदर आया। वह कभी–कभी लड़कों के साथ खाना खाता था। आज उसने लड़कों द्वारा सरकाकर रखी गई जली रोटी के टुकड़े, पानी तथा भुर्ते वाली प्लेट उठाई और उसमें जैसा भी कुछ मिला, उसे मजे से खाने लगा। अब लड़कों से रहा नहीं गया। उन्होंने दूसरी प्लेट सजाने के लिए कहा तो व्यक्ति के हाथ रुक गए और वह बोला, ‘तुम लोगों को मालूम नहीं कि तुम्हारे आसपास की बस्तियों में ऐसे लोग भी रहते हैं जिन्हें यह भी खाने को मिल जाए, जो तुमने फेंका है तो वे भूखे नहीं सोएंगे, किंतु तुम लोगों ने इस खाने को इस लायक भी नहीं छोड़ा कि किसी को दिया जा सके। इसीलिए मैंने सोचा कि यदि मैं ही इसे खा लूं तो कम से कम मेरा खाना तो किसी भूखे को दिया ही जा सकता है।’

## सामयिक

# राजस्थान में नये लोगों को आगे बढ़ाए कांग्रेस

**रमेश सर्राफ धमोरा**
मोबाइल : 9414255034



राजस्थान में भी कांग्रेस पार्टी को यथा शीघ्र ही नया प्रदेश अध्यक्ष व विधायक दल के नेता का चयन करना चाहिए। मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा स्वयं तो चुनाव जीत गए मगर उनसे चलते कांग्रेस पार्टी को चुनाव में बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। उनकी विवादास्पद छवि तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में उनके परिजनों के चयन को लेकर भी प्रदेश में बड़े विवाद उठे थे। जिसके बाद से ही कांग्रेस बचाव की मुद्रा में आ गई थी। मुख्यमंत्री रहते हुए अशोक गहलोत ने आमजन के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई थी। मगर डोटासरा जैसे लोगों के बड़बोलेपन के चलते योजनाएं अप्रभावी होकर रह गई थी। राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के 69 विधायक जीतकर आए हैं। जिनमें सबसे अधिक 17 विधायक जाट समाज से है। जाट समाज से 17 विधायकों के जीतने से साफ प्रतीत होता है कि जाटों ने आज भी कांग्रेस का साथ नहीं छोड़ा है। जाटों द्वारा कांग्रेस को दिए गए समर्थन के कारण ही शेखावाटी क्षेत्र की 21 सीटों में से कांग्रेस 14 सीट फिर से जीतने में सफल रही है। जबकि भाजपा को मात्र 6 सीट ही मिल पाई है। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी इस क्षेत्र में कांग्रेस को 15 सीट मिली थी।

वही गंगानगर और हनुमानगढ़ जिले की कुल 11 में से 10 सीटों पर हुए चुनाव में कांग्रेस 6 सीटों पर जीती है। जबकि भाजपा को मात्र तीन सीट ही मिल पाई है। इस तरह देखें तो गंगानगर, हनुमानगढ़, चुरु झुंझुनू, सीकर की 31 में से कांग्रेस ने 20 सीट जीत ली है। वही भाजपा को मात्र 9 सीट ही मिल पाई है। ऐसे में नए प्रदेश अध्यक्ष पद पर किसी जाट विधायक की नियुक्ति से पार्टी को मजबूती मिलेगी। जाट समाज से जीतने वाले विधायकों में हरीश चौधरी व नरेंद्र बुडानिया दोनों ही निर्विवाद है तथा समाज व पार्टी में कार्यकर्ताओं पर अच्छी पकड़ रखते हैं।

बाड़मेर जिले की बायतु सीट से लगातार दूसरी बार जीते हरीश चौधरी अभी पंजाब कांग्रेस के प्रभारी है तथा गहलोत की पिछली सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। इससे पूर्व वह बाड़मेर–जैसलमेर क्षेत्र से लोकसभा के सांसद भी रह चुके हैं। हरीश चौधरी राहुल गांधी के नजदीकी लोगों में शुमार होते हैं। इसी तरह चुरू जिले की तारानगर सीट पर राजस्थान के लगातार सात बार जीतने वाले विधायक व नेता प्रतिपक्ष रहे राजेंद्र राठौड़ को हराने वाले नरेंद्र बुडानिया तीन बार लोकसभा, तीन बार राज्यसभा व तीन बार विधानसभा के सदस्य रहे हैं। यदि उनको प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाता है तो पार्टी कार्यकर्ताओं में अच्छा मैसेज जाएगा। इसके अलावा भी जाट समाज में कई ऐसे युवा विधायक जीत कर आए हैं जो पूर्व में भी विधायक रह चुके हैं।

पार्टी को विधायक दल के नेता पद पर अनुसूचित जाति, जनजाति के किसी विधायक का चयन करना चाहिए। राजस्थान में अनुसूचित जाति, जनजाति के 25 विधायक जीत के आए हैं। जिनमें से मीणा समाज के आठ, अनुसूचित जाति के 11 व आदिवासी समुदाय के छह विधायक जीते हैं। अनुसूचित जाति जनजाति हमेशा से ही कांग्रेस का वोट बैंक रही है तथा इस बार भी उन्होंने कांग्रेस का पूरा साथ दिया हैं। ऐसे में विधायक दल के नेता पद पर मीणा समाज के मुरारी लाल मीणा, आदिवासी समाज के महेंद्रजीत मालवीय या अन्य किसी विधायक को विधायक दल का नेता बनाया जाना पार्टी के हित में रहेगा। यह दोनों ही वरिष्ठ विधायक है तथा पूर्व में मंत्री भी रह चुके हैं। महेंद्र जीत मालवीया तो कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य भी है।

मुस्लिम समुदाय भी कांग्रेस को एक मुश्त वोट देता है। मुस्लिम समुदाय के इस बार पांच विधायक जीत कर आए हैं। यदि उनमें से किसी को उपनेता बनाया जाता है तो पार्टी के लिए आने वाले समय में अच्छा रहेगा। कांग्रेस के कुल 69 विधायकों में से जाट 17, ब्राह्मण चार, मीणा 8, अनुसूचित जाति 11, जनजाति 6, बनिया पांच, गुर्जर तीन, यादव दो, मुस्लिम पांच, माली तीन, चारण एक, कुम्हार एक, पटेल एक सहित कई अन्य जातियों के विधायक शामिल है। इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बीजेपी से मात्र 856840 यानी 2.16 प्रतिशत मत कम मिलने के कारण कांग्रेस बीजेपी से 46 सीट पीछे रह गई। यदि कांग्रेस के नेता बागी खड़े नहीं होते और आपसी गुटबाजी नहीं होती तो इतना सा अंतर को पाट पाना कांग्रेस के लिए कोई बड़ी बात नहीं थी। मगर अशोक गहलोत व सचिन पायलट की आपसी गुटबाजी के चलते कांग्रेस पार्टी फिर से सरकार बनने से रह गई तथा अशोक गहलोत द्वारा हर बार राज बदलने की परंपरा को तोड़ने का सपना भी सपना बनकर ही रह गया।

राजस्थान में चुनावी प्रक्रिया के दौरान से ही प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा द्वारा जिस तरह से प्रदेश कमेटी में धड़ाधड़ सचिव व महासचिव के पदों पर नियुक्तियां की जा रही है उसको लेकर भी कांग्रेसजनों में अच्छी सोच नहीं है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मानना है कि प्रदेश प्रभारी द्वारा मनमानी तरीके से की जा रही नियुक्तियों में आर्थिक हित साधे जा रहें है। कई नियुक्तियां तो ऐसे लोगों की की गई है जिनके परिजनों ने हाल ही के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव प्रचार किया था। प्रदेश प्रभारी द्वारा अपने स्तर पर बड़ी संख्या में की जा रही नियुक्तियों से कांग्रेस की छवि दागदार हो रही है। कांग्रेस आलाकमान को ऐसी नियुक्तियों पर भी संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही करनी चाहिए ताकि गलत लोगों को पार्टी में पदाधिकारी बनने से रोका जा सके।

कांग्रेस पार्टी ने जिस तरह से मध्य प्रदेश में कमलनाथ व दिग्विजय सिंह को दरकिनार कर जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष, उमंग सिंघार को विधायक दल का नेता व हेमंत कटारे को उपनेता बनाया गया है। इसी तरह छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विरोधी खेमे के दीपक बैज को फिर से कांग्रेस अध्यक्ष व आदिवासी नेता चरण दास महंत को विधायक दल का नेता बनाया गया है।

उसी तरह राजस्थान में भी बिना समय गवायें नयी नियुक्तियां करनी चाहिए ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी मजबूती से मुकाबले में खड़ी हो सके। कांग्रेस आालाकमान को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व सचिन पायलट दोनों को ही अलग रखकर ऐसे नए लोगों को आगे लाना चाहिए जो गुटबाजी से दूर रहकर पार्टी को फिर से मजबूत कर सके और पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरकर उनका मनोबल मजबूत रख सके। तभी आने वाले समय में कांग्रेस फिर से मजबूत होकर उभर सकेगी। यदि अशोक गहलोत व सचिन पायलट के इर्द–गिर्द ही प्रदेश में कांग्रेस की राजनीति चलती रहेगी तो दोनों गुटों की आपसी टांगखिंचाई पहले की तरह चलती रहेगी और कांग्रेस को भी नुकसान उठाना पडेगा। इसलिए निर्विवाद छवी के लोगों को आगे लाकर नेतृत्वकर्ता के स्थान पर बैठाना चाहिए। तभी कांग्रेस के फिर से अच्छे दिन आ सकेगें।

## चिंतन

# राष्ट्र की उन्नति में शिक्षा, ज्ञान की विशेष भूमिका

**संजीव ठाकुर**
मोबाइल : 9009 415 415

यह सर्वविदित है कि इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैं। संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया है। वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है। यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है। जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी। मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है। शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है। शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है।


शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं। शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद, पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है। वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है। पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है। यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है। शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है। हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन, बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है।

दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है। राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है।

## व्यवसाय

# अब भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण भी पहुंचा विश्व में पांचवे स्थान पर

**प्रहलाद सबनानी**
मोबाइल : 9987949940




भारत आज विश्व के कई देशों को विभिन्न क्षेत्रों में राह दिखाता नजर आ रहा है। अभी हाल ही में भारतीय शेयर (पूंजी) बाजार, नैशनल स्टॉक एक्स्चेंज, ने 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के पूंजीकरण के स्तर को पार कर लिया है। विदेशी निवेशक एवं विदेशी संस्थान जो माह सितम्बर 2023 तक भारतीय शेयर बाजार से पैसा निकाल रहे थे, अब अचानक भारी मात्रा में भारतीय शेयर बाजार में पैसा लगा रहे हैं। आज कई बार तो एक दिन में 5000 करोड़ रुपए से भी अधिक की राशि का निवेश इन विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार में किया जा रहा है।

नेशनल स्टॉक एक्स्चेंज पर लिस्टेड समस्त कम्पनियों (निफ्टी) का कुल बाजार पूंजीकरण 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर अथवा 335 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया है। पिछले 10 वर्षों के दौरान इन कम्पनियों का पूंजीकरण 17.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की संयोजित (कंपाऊडेड) दर से बढ़ा है। भारतीय शेयर बाजार के विकास की यह रफ्तार अभी भी जारी है और कलेंडर वर्ष 2023 के अभी तक के कार्यकाल के दौरान निफ्टी पर रजिस्टर्ड कम्पनियों के पूंजीकरण, 55 लाख करोड़ रुपए (11 प्रतिशत) से बढ़ चुका है। पिछले केवल 3 माह के दौरान भारतीय कम्पनियों का निफ्टी पर पूंजीकरण 8.82 प्रतिशत की दर से बढ़ा है, जो कि विश्व के 10 सबसे बड़े शेयर बाजार में सबसे अधिक तेज गति से बढ़ा है। आज भारत विश्व के शेयर बाजार के पूंजीकरण में 3.61 प्रतिशत का योगदान कर रहा है जो जनवरी 2023 में 3.37 प्रतिशत था।

नेशनल स्टॉक एक्स्चेंज पर लिस्टेड समस्त कम्पनियों के कुल बाजार पूंजीकरण का स्तर 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर जुलाई 2017 में पहुंचा था और लगभग 4 वर्ष पश्चात अर्थात मई 2021 में 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया था तथा केवल लगभग 2.5 वर्ष पश्चात अर्थात दिसम्बर 2023 में यह 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को भी पार कर गया है। भारत शेयर बाजार पूंजीकरण के मामले में आज पूरे विश्व में पांचवे स्थान पर आ गया है।

प्रथम स्थान पर अमेरिकी शेयर बाजार है, जिसका पूंजीकरण 47.78 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पूरे विश्व में अमेरिकी शेयर बाजार का योगदान, शेयर के पूंजीकरण के मामले में, 44.74 प्रतिशत है और अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद का अमेरिकी शेयर बाजार का पूंजीकरण 188 प्रतिशत है। द्वितीय स्थान पर चीन का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 9.73 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। इस वर्ष 2023 में चीन के शेयर बाजार ने अपने निवेशकों को रिणात्मक प्रतिफल दिए हैं। पूरे विश्व में चीन के शेयर बाजार का योगदान 9.12 प्रतिशत है और चीन के सकल घरेलू उत्पाद का चीनी शेयर बाजार का पूंजीकरण केवल 54 प्रतिशत है। तीसरे स्थान पर जापान का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 6.02 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पूरे विश्व में जापान के शेयर बाजार का योगदान 5.64 प्रतिशत है और जापान के सकल घरेलू उत्पाद का जापान के शेयर बाजार का पूंजीकरण 142 प्रतिशत है। चौथे स्थान पर हांगकांग का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 4.78 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पूरे विश्व में हांगकांग के शेयर बाजार का योगदान 4.48 प्रतिशत है और हांगकांग के सकल घरेलू उत्पाद का हांगकांग शेयर बाजार का पूंजीकरण 1329 प्रतिशत है। जबकि भारत, फ्रान्स एवं ब्रिटेन के शेयर बाजार को पछाड़कर पांचवे स्थान पर आ गया है। आज भारत के शेयर बाजार का पूंजीकरण 4.10 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पूरे विश्व में भारत के शेयर बाजार का योगदान 3.61 प्रतिशत है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद का भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण 114 प्रतिशत है। जिस तेज गति से भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण आगे बढ़ रहा है, अब ऐसी उम्मीद की जा रही है कि शीघ्र ही भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण हांगकांग शेयर बाजार के पूंजीकरण को पीछे छोड़ते हुए पूरे विश्व में चौथे स्थान पर आ जाएगा।

केंद्र सरकार पर विपक्षी दलों द्वारा कई बार यह आरोप लगाया जाता है कि भारत में सरकारी उपक्रमों को समाप्त किया जा रहा है। जबकि पिछले 27 माह के खंडकाल के दौरान सरकारी उपक्रमों का पूंजीकरण शेयर बाजार में दुगना होकर 46.40 लाख करोड़ रुपए का हो गया है। सरकारी उपक्रमों ने अपने बाजार पूंजीकरण में इस अवधि में अतुलनीय वृद्धि दर्ज की है। बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज का सेन्सेक्स पिछले 27 माह में 60,000 के स्तर से 70,000 के स्तर को पार कर गया है। इन सरकारी उपक्रमों के कोरपोरेट गवर्नन्स में भारी सुधार हुआ है, जिसके चलते न केवल विदेशी निवेशकों का बल्कि भारत के संस्थागत निवेशकों एवं खुदरा निवेशकों का भी विश्वास इन सरकारी उपक्रमों पर बढ़ा है।

ऐसा कहा जाता है कि शेयर बाजार में निवेशक अपनी जमापूंजी का निवेश बहुत सोच विचार कर करता है एवं जब निवेशकों को यह आभास होने लगता है कि अमुक कम्पनी का भविष्य बहुत उज्ज्वल है एवं निवेशक द्वारा किए गए निवेश पर प्रतिफल अधिकतम रहने की सम्भावना है, तभी निवेशक अपनी जमापूंजी को शेयर बाजार में उस अमुक कम्पनी में निवेश करते है। इस प्रकार, जब किसी भी देश की अर्थव्यवस्था पर निवेशकों का भरोसा बढ़ता हुआ दिखाई देता है तो विशेष रूप से विदेशी निवेशक एवं विदेशी निवेशक संस्थान उस देश में विभिन्न कम्पनियों के शेयर में अपनी निवेश बढ़ाते हैं। चूंकि विदेशी संस्थानों को आगे आने वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था पर एवं भारतीय कम्पनियों की विकास यात्रा पर भरपूर भरोसा है अतः भारतीय शेयर बाजार में निवेश भी रफ्तार पकड़ रहा है।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# अमेरिका में इजराइल विरोधी प्रदर्शनकारियों के निशाने पर आए भारतवंशी सांसद श्री थानेदार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन। अमेरिका में भारतवंशी सांसद श्री थानेदार के खिलाफ इजराइल विरोधी प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने सप्ताहांत में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल लोग थानेदार के घर के बाहर कार के हार्न बजा रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने गाजा में फलस्तीनियों की मौत पर थानेदार की चुप्पी और इजराइल-हमास युद्ध पर उनके रुख को लेकर नारेबाजी की। थानेदार (68) ने सात अक्टूबर को हमास आतंकवादियों के भीषण हमले के बाद इजराइल के प्रति कट्टर समर्थक रुख अपनाया है। थानेदार ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि पूर्वाह्न तीन बजे उनके घर के बाहर प्रदर्शनकारी इकट्ठा हो गए। पोस्ट में एक वीडियो भी है जिसमें उनके घर के बाहर सड़क पर कारें खड़ी दिख रही हैं और एक व्यक्ति कपड़े जैसी वस्तु लहरा रहा है तथा अन्य लोग कुछ नारे लगा रहे थे।

वीडियो में एक प्रदर्शनकारी यह कहते नजर आया, आप गाजा पर बमबारी में सहभागी हैं... आपकी चुप्पी हिंसा है। आपकी चुप्पी घृणित है और हम आपको सोने नहीं देंगे। एक प्रदर्शनकारी कह रहा था, इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। थानेदार ने अपने प्रचार अभियान से जुड़ी वेबसाइट पर इजराइल के लिए अपना मजबूत समर्थन व्यक्त किया है, जिसमें इजराइल के अस्तित्व और फलने-फूलने के अधिकार की रक्षा करने का संकल्प भी शामिल है। मिशिगन से डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद थानेदार ने कहा, बड़ी अनिश्चितता के इस समय में एक व्यक्ति और एक राष्ट्र के रूप में मध्य पूर्व में एकमात्र लोकतंत्र और हमारे सबसे करीबियों में से एक इजराइल के लिए हमारे स्पष्ट समर्थन की पुष्टि करना अब पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

## आदि कैलाश यात्रा मार्ग पर कुटी गांव में पहुंचा रिलायंस जियो का 4जी नेटवर्क

देहरादून। चीन की सीमा से सटी उत्तराखंड की व्यास घाटी में 12300 फीट की ऊंचाई पर बसे कुटी गांव में रिलायंस जियो का 4 जी नेटवर्क पहुंच गया है। रिलायंस जियो द्वारा मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, छोटी सी आबादी वाला यह गांव आदि कैलाश यात्रा मार्ग पर एक महत्वपूर्ण पड़ाव है जहां रिलायंस जियो के नए मोबाइल टॉवर के चालू होने से स्थानीय ग्रामीण, यात्री और सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात सुरक्षा बलों के जवान 4जी नेटवर्क से जुड़ गए हैं ।

आदि कैलाश यात्रा मार्ग पर कुटी के साथ अन्य गांवों-नाबी और गुंजी में भी जियो के मोबाइल टॉवर लगाने का काम अंतिम चरण में है। नए टावर लगने के बाद आदि कैलाश यात्रा मार्ग के अधिकतर हिस्सों में 4जी नेटवर्क मिलने लगेगा।

# आईपीसी में जहां दंड पर जोर था, बीएनएस में न्याय पर जोर है : रविशंकर प्रसाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में जहां दंड पर जोर था, वहीं भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में न्याय पर जोर दिया



गया है और यही अंग्रेजी शासन की मानसिकता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की सोच के अंतर को दर्शाता है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता प्रसाद ने भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 पर लोकसभा में चर्चा में भाग लेते हुए यह बात कही। भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने के लिए इन्हें लाया गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तीनों विधेयकों को चर्चा एवं पारित करने के लिए सदन में रखा था। शाह ने संसद की स्थायी समिति की ओर से सुझाए गए संशोधनों के मद्देनजर गत 12 दिसंबर को पूर्ववर्ती तीन विधेयकों को वापस ले लिया था और इनकी जगह उपरोक्त नए विधेयक पेश किए थे। प्रसाद ने कहा कि आज का दिन दंड और न्याय प्रक्रिया के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा, आईपीसी में जहां दंड देने पर जोर था, वहीं भारतीय न्याय संहिता में न्याय पर जोर है, जो (न्याय) हमें लोगों को देना है। प्रसाद ने कहा कि यह सोच के बड़े अंतर को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के समय अन्याय की पराकाष्ठा भी कानून का दिखावा करके की जाती थी। प्रसाद ने कहा कि आजादी के बाद इतने सालों तक इन औपनिवेशिक कानूनों को सुविचारित तरीके से बदलने का प्रयास नहीं किया गया और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस काम को किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, जब 'भारत एक खोज' लिखने वाले लोग भारत की खोज कर रहे थे तो वह इस पक्ष को देखना क्यों भूल गए? पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से घोषणा की थी कि देश में कोई औपनिवेशिक प्रतीक नहीं रहेगा और इस दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सोच का अंतर इस बात से ही पता चल जाता है कि देश में राम मंदिर को बनने में 500 साल क्यों लग गए? कृष्ण जन्मभूमि, काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए संघर्ष क्यों करना पड़ता है।

प्रसाद ने कहा, मैंने पहले किसी कानून में इतना व्यापक विचार-विमर्श नहीं देखा। गृहमंत्री शाह ने सभी सांसदों को पत्र लिखा। अनेक हितधारकों के सुझाव सुने गए। गृहमंत्री जी स्वयं 158 परामर्श में उपस्थित थे। उन्होंने नए कानूनों की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राथमिकी दर्ज करने से लेकर न्याय तक की पूरी प्रक्रिया डिजिटल करने का प्रावधान है, वहीं तलाशी और जब्ती के दौरान वीडियोग्राफी अनिवार्य करके प्रक्रिया को पारदर्शिता बनाया जा रहा है। प्रसाद ने कहा कि आईपीसी में कई गंभीर और प्रमुख अपराध नीचे थे, वहीं अंग्रेजों की सोच को मजबूत करने वाले कानून ऊपर थे।


# बंगाल के चाय बागान गांवों की 'आवाज़' बना सामुदायिक रेडियो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सिलीगुड़ी। पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग में चाय बागानों के बीच बसे एक गांव में एक बुजुर्ग सेवानिवृत्त सैनिक को युद्ध के दौरान बहादुरी की कहानियां सुनाते हुए सुना जा सकता है। ऐसे ही एक अन्य गांव में, एक महिला ऐसे गीत गाती है जिससे आस-पास के गांवों में रहने वाले लोगों को उससे जुड़ाव महसूस होता है। यह सब कुछ इन गांवों में सामुदायिक रेडियो से संभव हो सका है जिसका प्रसारण सुनने के लिए लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं। इस रेडियो सेवा के जरिये ना केवल सुदूर क्षेत्र में बसे चाय बागान गांवों के लोग अपना मनोरंजन करते हैं बल्कि समस्याओं पर चर्चा से लेकर इनके निदान पर भी काम करते हैं। जैसे ही इस रेडियो सेवा पर आम लोगों की आवाजें प्रसारित की जाती हैं, श्रोता ध्यान से सुनते हैं क्योंकि वे उन अभिव्यक्तियों को अपनी अभिव्यक्ति मानते हैं। रेडियो जॉकी (आरजे) समीर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, हाल में हमने डुपकिन गांव का दौरा किया, जहां हमारी मुलाकात एक विधवा महिला से हुई। उसने हमें बताया कि कैसे हमारे सामुदायिक रेडियो के कार्यक्रम सुन कर उसे अवसाद से उबरने में मदद मिली।

एक सामुदायिक रेडियो स्टेशन 'रेडियो सेल्सियन' (90.8 एफएम) के लिए काम करने वाले समीर और अन्य आरजे स्थानीय नेपाली भाषी लोगों से मिलने और उन्हें प्रभावित करने वाले मुद्दों पर कार्यक्रम बनाने के लिए दार्जिलिंग जिले में समुद्र तल से 6,500 फीट ऊपर दूरदराज के पहाड़ी गांवों का दौरा करते हैं। सामुदायिक रेडियो में स्थानीय लोग अपने स्वयं के कार्यक्रम बनाते और प्रसारित करते हैं। 'रेडियो सेल्सियन' के संस्थापक-निदेशक और सेल्सियन कॉलेज के उप प्रधानाचार्य फादर सी.एम. पॉल ने कहा, इस साल नवंबर के पहले सप्ताह से, हमारे आरजे ने हर शनिवार को गांवों में जाना शुरू कर दिया। हमारी योजना दूरदराज के 40 गांवों तक पहुंचने की है।

पॉल ने पीटीआई-भाषा को बताया कि इन गांवों तक अक्सर वाहन आसानी से नहीं पहुंच पाते, जिससे आरजे को कई बार पैदल यात्रा करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि आरजे उन दूरदराज के गांवों में हो रही गतिविधियों और ग्रामीणों से जुड़े परिवहन, पानी, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को सामने लाते हैं।



# फिल्म 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' का टीजर रिलीज

मुंबई/वार्ता

वरुण तेज और मानुषी छिल्लर स्टारर 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। ' अक्षय कुमार स्टारर 'सम्राट पृथ्वीराज' से बॉलीवुड में कदम रखने वालीं मानुषी छिल्लर अब तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। उनकी फिल्म 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' का टीजर रिलीज कर दिया गया है।।इस फिल्म के जरिए एयर फोर्स के जवानों द्वारा झेली जाने वाली चुनौतियों को करीब से दिखाया जाएगा। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' में वरुण तेज आईएएफ अफसर अर्जुन देव के रोल में हैं। वहीं मानुषी छिल्लर राडार अफसर के किरदार में हैं।टीजर की शुरुआत में दिखाया गया है कि एयर फोर्स की एक टीम को किसी और देश में भेजा जा रहा है।

पहले ही यह अंदेशा जता दिया जाता है कि एयर फोर्स को किसी और देश में भेजना युद्ध जैसी स्थिति पैदा करने जैसा है। आवाज आती है, 'अगर हम ऐसे ही बदला लेते रहे हो, देश नहीं बचेगा सिर्फ बॉर्डर रह जाएंगे।' वहीं एयर फोर्स पायलट बने वरुण तेज टीम से बोलते हैं, 'वक्त आ गया है कि हम दुश्मन को याद दिलाएं कि ये देश गांधी जी ही नहीं, सुभाष चंद्र बोस का भी है। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' को तेलुगू और हिंदी भाषा में शूट किया गया है।सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और संदीप मुड्डा की रेनेसां पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को शक्ति प्रताप सिंह हाडा ने निर्देशित किया है।यह फिल्म 16 फरवरी 2024 को रिलीज होगी।

## धरना



नई दिल्ली में मंगलवार को संसद भवन के मकर द्वार पर धरने पर बैठे निलंबित सांसद।

# नोरा फतेही ने फिल्म 'क्रैक' की शूटिंग पूरी

मुंबई/वार्ता



विद्युत जामवाल और नोरा फतेही स्टारर फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो गयी है। नोरा फतेही इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म क्रैक को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह अभिनेता विद्युत जामवाल के साथ नजर आयेंगी।फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो गई है। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रैप-अप शूट की कई तस्वीरें शेयर की हैं। सेट पर नोरा बॉडीकॉन ड्रेस और डेनिम जैकेट में हाथ में क्लिप बोर्ड लेकर पोज दे रही हैं। एक तस्वीर में वह हाथों में गुलदस्ता लिए पोज रही हैं।फोटोज शेयर करते हुए नोरा फतेही ने कैप्शन में लिखा, क्रैक की शूटिंग खत्म। पूरी टीम के साथ मेरा अनुभव बहुत ही खास रहा। मुझे एक लीड के रूप में लेने के लिए आदित्य दत्त, विद्युत जामवाल और पूरी टीम को शुक्रिया। मैंने सेट पर बहुत कुछ सीखा है और मैं दुनिया के इस फिल्म के देखने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। फिल्म 23 फरवरी 2024 को रिलीज हो रही है।

# रवि तेजा की फिल्म 'मिस्टर बच्चन' का पोस्टर रिलीज

मुंबई/वार्ता



दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रवि तेजा की आने वाली फिल्म मिस्टर बच्चन' का पोस्टर रिलीज हो गया है। रवि तेजा पिछले काफी समय से अपनी आने वाली फिल्म 'मिस्टर बच्चन' को लेकर चर्चा में है। इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज हो गया है। पोस्टर में रवि तेजा का शानदार लुक देखने को मिला है। हरीश शंकर के निर्देशन में बनी फिल्म 'मिस्टर बच्चन' का पोस्टर रवि तेजा ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया है। पोस्टर में रवि तेजा ब्लैक टी-शर्ट, ब्राउन जैकेट, ब्लैक शेड्स लगाए बाइक पर बैठे नजर आ रहे हैं।इसे शेयर करते हुए रवि तेजा ने कैप्शन में लिखा, नाम तो सुना होगा..मेरे पसंदीदा अमिताभ बच्चन साहब के नाम वाला किरदार निभाना सम्मान की बात है।यह फिल्म 2024 में रिलीज होगी।

# क्रिसमस मेरा फेवरेट है : आलिया

मुंबई/एजेन्सी



एक्ट्रेस आलिया भट्ट का कहना है कि क्रिसमस उनका फेवरेट टाइम है और उनके लिए यह खुशी, प्यार और एकजुटता का दिन है। आलिया की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का टीवी प्रीमियर 24 दिसंबर को कलर्स सिनेप्लेक्स पर होने वाला है। एक्ट्रेस का मानना है कि क्रिसमस मनाने का सबसे अच्छा तरीका इसे परिवार और प्रियजनों के साथ सेलिब्रेट करना है। आलिया ने कहा, क्रिसमस साल के मेरे फेवरेट टाइम्स में से एक है। मैं अपने सभी फैंस के साथ इसे मनाने का इससे बेहतर तरीका नहीं सोच सकती। यह सीजन खुशी, प्यार और एकजुटता के बारे में है। हमारी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' इसी बारे में है। यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है।

फिल्म के निर्देशक करण जौहर ने कहा, '''रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' ने सात साल बाद सिनेमाघरों में मेरी वापसी को चिह्नित किया और सिनेमाघरों में इसे मिले प्यार से मैं दंग रह गया। इसने साबित कर दिया कि प्यार का यह युग 'प्यार है तो सब हैं' के बारे में है।'' रणवीर ने साझा किया कि थियेट्रिकल रिलीज के दौरान फिल्म का स्वागत जबरदस्त था और अब, जब यह वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ लाखों लोगों के घरों तक पहुंच गई है तो वह काफी रोमांचित हैं।

''यह फिल्म मेरे दिल में एक खास जगह रखती है, क्योंकि यह प्यार की ताकत और आत्माओं को साथ बांधने की क्षमता को बढ़ाती है, एक अटूट पारिवारिक बंधन की कहानी बुनती है। यह क्रिसमस खुशियों से भरा हो और 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का मनमोहक जादू सभी के दिलों में जगमगा उठे।'' हीरू यश जौहर, करण जौहर और अपूर्व मेहता द्वारा निर्मित, रोमांस ड्रामा 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में धर्मेंद्र, जया बच्चन, शबाना आजमी के साथ तोता रॉय चौधरी, चूर्णी गांगुली, आमिर बशीर और क्षिति जोग भी हैं।

# अपने काम में नया करने में यकीन रखते हैं बॉबी देओल

नयी दिल्ली/वार्ता



एनिमल फिल्म को लेकर चर्चा में आये अभिनेता बॉबी देओल का कहना है कि वह स्वयं को नया रूप देने और अपने काम में कुछ नया करने में यकीन रखते हैं। बॉबी देओल ने पेरनोड रिकार्ड इंडिया के नया उत्पाद लॉगिट्यूड 77 के लॉंच के मौके पर यहां कहा मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। मैं मुंबई के एक सम्मानित पंजाबी परिवार में पला-बढ़ा हूं और आधुनिक लग्जरी के साथ हमारी समृद्ध विरासत का सम्मान करता हूं। हमारी मिट्टी में कुछ ऐसा है जो हमें अपनी समृद्ध विरासत से जोड़े रखता है। मैं पुनर्कल्पना की ताकत में विश्वास करता हूं। किसी भी कला को विकसित होने के लिए समय चाहिए होता है। मैं खुद को नया रूप देने और अपने काम में कुछ नया करने में यकीन रखता हूं। इस लॉन्च के साथ मेरा जुड़ाव उस भावना को दर्शाता है।

'रीइमेजिन्ड इंडिया' के नाटकीय रुपांतर के माध्यम से इस उत्पाद की कहानी की एक झलक दिखाई गई, जिसे कहानीकार अर्जुन रामपाल की अगुवाई में प्रामाणिक समकालीन भारतीय लग्जरी के प्रतीकों द्वारा जीवंत किया गया। इस कार्यक्रम को भारतीय-अमेरिकी संगीतकार कर्ष काले द्वारा तैयार किए गए अत्याधुनिक भारतीय साउंडस्केप की प्रस्तुति, डिजाइनर आशीष सोनी द्वारा समकालीन भारतीय फैशन के प्रदर्शन और शेफ विक्की रत्नानी की पाक कला के प्रदर्शन ने यादगार बनाया।

रामपाल ने कहा, मैं मध्य प्रदेश से हूं, जहां मैं बड़ा हुआ, मैंने अपनी स्कूली शिक्षा कोडईकनाल (तमिलनाडु) में पूरी की और अपना करियर महाराष्ट्र में शुरू किया। इसलिए, भारत के बारे में मेरा अनुभव विविधता से भरा है, और इस नये उत्पाद के साथ मेरी यात्रा भी कुछ ऐसी ही है। मुझे लगता है कि मैं इस ब्रांड को एक से अधिक तरीकों से अपनाता हूं। कंपनी के मुख्य विपणन अधिकारी कार्तिक मोहिंद्रा ने कहा, भारत में शानदार 30 सालों के जश्न के अवसर पर इस नये उत्पाद के लॉन्च के साथ गुणवत्तापूर्ण ब्रांड और बेहतरीन अनुभव देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और बढ़ गई है। भारत के मध्य से गुजरने वाली रेखा से प्रेरित होकर इस उत्पाद का नाम रखा गया है।

# फ़िल्म 'दंश' में नज़र आएंगे शाहवर अली

मुंबई/वार्ता

अभिनेता शाहवर अली भोजपुरी फ़िल्म दंश में खेसारी लाल के साथ काम करते नज़र आएंगे। शाहवर अली ने हिंदी सहित दक्षिण भारत की कई फिल्मों में काम किया है।शाहवर अली अब भोजपुरी फ़िल्म दंश में खेसारी लाल के साथ नज़र आएंगे निर्माता सुधीर सिंह ने बताया कि वह अपनी फ़िल्म दंश में खेसारी लाल यादव के सामने एक मजबूत शख्सियत को खड़ा करना चाहते थे जो बेहतरीन स्क्रीन प्रेजेंस के साथ साथ हार्डकोर एक्शन में भी महारत रखता हो , तो उनके नज़र में शाहवर अली का चेहरा दिखाई दिया ।एक्शन फिल्म बनाने के समय फ़िल्म के हर पहलू पर ध्यान देना पड़ता है और इस बात का हम बखूबी ध्यान रख रहे हैं ।

शाहवर अली ने बताया कि उन्होंने कई भाषाओं की फिल्मों में काम किया है लेकिन आजतक उन्होने भोजपुरी फिल्में नहीं किया था, इस इंडस्ट्री के बारे में काफी बातें होती हैं लेकिन काम करने का मौका सुधीर सिंह जी की फ़िल्म में खेसारी लाल यादव के साथ मिला है । यह वाक़ई एक नया और रोमांचक अनुभव होगा । हम कोशिश करेंगे कि एक बेहतरीन फ़िल्म बनकर लोगों के सामने आए । स्निप कॉर्पोरेशन के बैनर तले बन रही फिल्म दंश का निर्देशन धीरज ठाकुर करेंगे।

# फिल्म 'हनुमान' महाकाव्य सिनेमाई ब्रह्मांड की शुरुआत : वर्मा

मुंबई/एजेन्सी

तेजा सज्जा स्टारर तेलुगु फिल्म 'हनुमान' का टीचर जारी कर दिया गया है। फिल्म को लेकर निर्देशक प्रशांत वर्मा ने कहा कि यह एक सामान्य फिल्म नहीं है। यह एक महाकाव्य सिनेमाई ब्रह्मांड की शुरुआत है। निर्देशक प्रशांत वर्मा ने कहा, ''फिल्म 'हनुमान' सामान्य फिल्म नहीं है, यह एक जुनूनी परियोजना है जो मेरी टीम के अद्भुत समर्थन से जीवंत हुई। एक साधारण विचार से शुरू हुई हनुमान की कहानी हमारे सिनेमाई सपनों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।'' ट्रेलर वीरता और शक्ति की एक महाकाव्य कहानी बताता है जो साबित करता है कि रचनात्मकता और जुनून किसी भी चुनौती को पार कर सकता है। ट्रेलर न केवल आश्चर्यजनक दृश्यों से प्रभावित करता है बल्कि एक यादगार सुपरहीरो कहानी भी बुनता है जो दर्शकों से जुड़ जाती है।

निर्देशक ने आगे कहा, ''हनुमान' सिर्फ एक चरित्र नहीं है। यह एक महाकाव्य सिनेमाई ब्रह्मांड की शुरुआत है जो दर्शकों के लिए कुछ विशिष्ट भारतीय और जादुई लेकर आता है। यह यात्रा हम सभी के लिए एक रोमांचक साहसिक कार्य रही है, और हमने जो कुछ बनाया है उस पर हमें गर्व है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे एक साधारण आदमी अप्रत्याशित रूप से सुपरपावर हासिल कर लेता है और उसे अपने अंदर एक नई ताकत का पता चलता है। जैसे ही वह अपनी क्षमताओं को अपनाता है, वह एक सुपर खलनायक से भिड़ जाता है, और एक सामान्य जीवन को अच्छे और बुरे के बीच एक असाधारण लड़ाई में बदल देता है। फिल्म के मुख्य कलाकार तेजा सज्जा ने इस परियोजना के बारे में अपनी खुशी व्यक्त की।

तेजा ने कहा कि 'हनुमान' का हिस्सा बनना वाकई खास है। अंजनाद्रि की रहस्यमय दुनिया में एक युवा और कमजोर लड़का जो कभी गैर-जिम्मेदार था, उसे भगवान हनुमान के आशीर्वाद से अलौकिक क्षमताएं प्रदान की जाती हैं। उन्होंने कहा, वह शक्तिशाली भगवान हनुमान की शक्ति का उपयोग करते हुए, एक दुर्जेय से मुकाबला करता है। किरदार के ग्राफ ने मुझे बहुत प्रेरित किया और फिल्म ने मुझे सचमुच बदल दिया है।'' आरकेडी स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत 'हनुमान' 12 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

जीतो बेंगलूरु नॉर्थ की महिला विंग व केकेजी ज़ोन की सहभागिता में 'जायका-फ्राम दि किचन टू योर हार्ट' व्यंजन प्रतियोगिता का राष्ट्रीय फिनाले का आयोजन इन्दिरानगर स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट में जीतो अपेक्स की महिला अध्यक्ष संगीता ललवाणी के नेतृत्व में आयोजित हुआ।








# दिल्ली की प्रियंका भंसाली बनी 'जीतो जायका' की विजेता

## 'जीतो' महिलाओं की 'जायका' प्रतियोगिता का राष्ट्रीय फाइनल हुआ बेंगलूरु में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो बेंगलूरु नॉर्थ की महिला विंग व केकेजी ज़ोन की सहभागिता में 'जायका-फ्राम दि किचन टू योर हार्ट' व्यंजन प्रतियोगिता का राष्ट्रीय फिनाले का आयोजन इन्दिरानगर स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट में जीतो अपेक्स की महिला अध्यक्ष संगीता ललवाणी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस फाइनल में भारत भर की चुनिंदा महिलाओं ने भाग लिया। दो सत्र में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के प्रथम सत्र का उद्धघाटन राष्ट्रीय महिला विंग मेंटर चित्रा बलडोटा व ललिता गुलेच्छा, राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता ललवाणी, उपाध्यक्ष अर्चना सुराणा, महामंत्री शीतल दुग्गड, कोषाध्यक्ष जयश्री भंडारी, प्रायोजक हल्दीराम कम्पनी के मनोहरलाल अग्रवाल व मधुसुदन अग्रवाल तथा जीतो व केकेजी जोन के राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारियों ने किया।

### देश भर से चयनीत प्रतिभागियों ने दिखाई अपने पाक-कला

जीतो नॉर्थ की महिला अध्यक्ष बिंदु रायसोनी ने सभी का स्वागत किया। जायका की राष्ट्रीय संयोजिका निशा सामर ने सभी प्रतियोगियों का परिचय दिया।

6 माह पूर्व प्रारंभ हुए 'जायका' के सफर के तीन चरणों में आयोजित प्रतियोगिताओं में भागीदारी करने वाली सैंकड़ों प्रतियोगियों में से चयनित जुहू मुंबई की दीपिका नाहटा व मोनिता मेहता, नई दिल्ली की पूजा कोठारी व प्रियंका भंसाली, ब्यावर की राशि काँकरिया, कोलकाता की निकिता हीरावत व जूली पुगलिया, भोपाल की पीयूषा जैन, कोयंबतूर की प्रिया जैन, पाली मारवाड की मितिशा मेहता, नागपुर की रुचि जैन, चेन्नई की मीनाक्षी चौधरी, सूरत की इन्दु जैन व प्रीति शाह, बल्लारी की लता बोथरा, बेंगलूरु नॉर्थ की अनिता पारेख, दुर्ग भिलाई की डॉ. पूर्वा सुराणा, नासिक की श्वेता चोपडा शामिल थीं। सभी फाइनल प्रतिभागियों ने स्व हस्त निर्मित लज़ीज़ व्यंजनों की श्रृंखला प्रस्तुत की।

प्रतियोगिता के निर्णायक मास्टर शेफ़ फ़ेम अरुणा विजय ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विलुप्तता की कगार पर खड़े व्यंजन सामने आते है और पाक प्रतिभा को बढ़ावा मिलता है। निर्णायक का परिचय पूर्व महिला अध्यक्ष अनीता पिरगल ने दिया। अन्य निर्णायक देवजित सिंह ने कहा कि बहुमुखी प्रतिभा को बढ़ाने का यह शानदार अवसर है। उनका परिचय प्रतियोगिता संयोजक पिंकी मेहता ने दिया। शेफ़ विजेता ने सभी प्रतियोगियों से नियम साझा किये। उनका परिचय सह संयोजिका सुमन रांका ने दिया। प्रायोजकों का परिचय जेएटीएफ के सुशील जैन ने दिया।

### चेन्नई की मीनाक्षी रही द्वितीय, पाली की मितिशा रही तृतीय


दूसरे सत्र में जायका के राष्ट्रीय आयोजन का मकसद बताते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता ललवाणी ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से भारत की समृद्ध पाक कला विरासत को प्रतिबिंबित करने तथा स्वाद, स्वास्थ्य, पारंपरिक ज्ञान, व्यंजनों के मूल्य व महत्व को समझने का अवसर मिलता है। केकेजी ज़ोन अध्यक्ष अशोक सालेचा ने कहा कि इस राष्ट्रीय आयोजन में ज़ोन की सहभागिता गौरवान्वित करने वाली है तथा महिलाओं का चारदीवारी से निकलकर अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन करना गर्व का विषय है। नॉर्थ अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा ने कहा कि आज की महिलायें सफलता का परचम लहराने को तैयार है। बिंदु रायसोनी ने ऑडियो-वीडियो के माध्यम से महिला विंग के विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रायोजक व शेफ़ द्वारा की गई। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में बार्ली बिरियानी विद् चिपोटल सोस व कैरमिलाइज्ड हेल्थी बाईट्स बनाने वाली दिल्ली की प्रियंका भंसाली ने प्रथम, टेस्ट ऑफ़ इंडिया विद् प्राइड ऑफ़ तमिलनाडु व मेलोडी ऑफ़ गोड़नेस बनाने वाली चेन्नई की मीनाक्षी चौधरी ने द्वितीय तथा दाल चावल देसी फ़्यूज़न व कोकोनट ड्राईफ्रूट खीर बनाने वाली पाली मारवाड की मितिशा मेहता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### सभी विजेताओं को दी गई नगद राशि

सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह व नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। आयोजन में महिला विंग इंचार्ज सुनीता बोहरा, जुहू मुंबई की अध्यक्ष अनुपमा जैन, कोलकाता अध्यक्ष संगीता बैद, हुब्बल्ली अध्यक्ष गीता छेडा, बेंगलूरु साउथ अध्यक्ष सुनीता गाँधी, पूर्व अध्यक्ष पिंकी जैन, अपेक्स वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन, निदेशक नरेंद्रसिंह सामर, जीतो साउथ के अध्यक्ष दिनेश बोहरा, नॉर्थ महामंत्री सुधीर गादिया, सचिव कमल पुनमिया के साथ नॉर्थ महिला विंग कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति रही। महिला विंग महामंत्री सुमन वेदमुथा ने आभार व्यक्त किया। संचालन सुष्मिता सेठिया ने किया। आयोजन की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन तथा पदाधिकारियों व प्रतिभागियों का सत्कार उपाध्यक्ष लक्ष्मी बाफना व रेशमा पुनमिया, सहमंत्री भाविका कोठारी व पिंकी मेहता, कोषाध्यक्ष मधु कटारिया द्वारा किया गया।

---

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## डे-केयर सेन्टर

बेंगलूरु के एस्टर सीएमआई हॉस्पिटल ने हार्ट फेल्योर क्लिनिक लॉन्च किया और हृदय विफलता प्रबंधन के लिए डे-केयर क्लिनिक के साथ हृदय संबंधी विशेषज्ञता का विस्तार किया गया। यह डे-केयर क्लिनिक हृदय संबंधी बीमारियों के लिए एकीकृत चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। यह क्लिनिक हृदय से संबंधित बीमारियों वाले रोगियों के लिए निदान के साथ-साथ चिकित्सीय सेवाओं पेश करेगा। यह डे-केयर हृदय रोग के लक्षणों पर नजर रख कर जटिलताओं को कम करते हुए अंतर्निहित बीमारियों की प्रगति को धीमा करने और उलटने के उपायों की सिफारिश करेगा।

---



# भारतीय रेलवे की सर्वश्रेष्ठ उत्पादन इकाई के रुप में आरडब्ल्यूएफ को मिला सम्मान

## वर्ष 2023 के लिए प्राप्त हुआ यह अवार्ड

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के यलहंका स्थित रेल व्हील फैक्ट्री(आरडब्ल्यूएफ) को वर्ष 2023 के लिए सर्वश्रेष्ठ उत्पादन इकाई का पुरस्कार मिला। महाप्रबंधक आर राजगोपाल को यह पुरस्कार 'अतिविशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार', नई दिल्ली में आयोजित एक वार्षिक समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के हाथों से प्राप्त हुआ। आरडब्ल्यूएफ को विशेष उल्लेखनीय उपलब्धियाँ के लिए जैसे आरडब्ल्यूएफ को स्क्रैप काटने की प्रक्रिया को मानवीकृत से मशीनीकृत करने में सफलता के लिए, आरडब्ल्यूएफ द्वारा प्रतिष्ठित वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए स्वदेशी एक्सल का सफलतापूर्वक निर्माण और आपूर्ति के लिए, आरडब्ल्यूएफ रेलवे बोर्ड के गतिशक्ति मिशन में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए, मार्च 2020 से थर्मल सैंड रिक्लेमेशन प्लांट संचालित करने की आरडब्ल्यूएफ की हरित पहल के लिए, प्राकृतिक संरक्षण के लिए तथा निरंतर नवाचार, पर्यावरणीय उपायों के प्रति प्रतिबद्धता और उच्च अप-टाइम की संस्कृति उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए` आरडब्ल्यूएफ को सम्मानित किया गया। वर्ष 2023 के लिए भारतीय रेलवे की सर्वश्रेष्ठ उत्पादन इकाई के रुप में आरडब्ल्यूएफ को सम्मानित किया गया।

---

# विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक से पहले केजरीवाल की स्टालिन से मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई/नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की बैठक से पहले मंगलवार को यहां तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन से मुलाकात की। केजरीवाल ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से भी मुलाकात की थी। विपक्षी गठबंधन की आज राष्ट्रीय राजधानी में अशोक होटल में हुयी बैठक में हालिया विधानसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद 2024 के लोकसभा चुनावों में संयुक्त अभियान, सीट बंटवारे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबला करने की रणनीति को फिर से तैयार करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

केजरीवाल ने 'एक्स' पर लिखा,''आज मुझे दिल्ली में एम. के. स्टालिन से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हमने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' द्वारा सहयोग की आवश्यकता पर बल देते हुए देश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर अपनी चिंता व्यक्त की।''

केजरीवाल की स्टालिन से मुलाकात के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को मजबूत करना है। उन्होंने कहा, ''बैठक में मुख्य रूप से बेरोजगारी और महंगाई का समाधान निकालने पर चर्चा की गई। हम सबको एक साथ आना होगा। देश के लोग विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की ओर आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। यह हमारे ऊपर है कि हम लोगों की आशाओं और इच्छाओं का सम्मान करने के लिए एक इकाई के रूप में एकजुट हों।''

चड्ढा ने कहा कि स्टालिन का केजरीवाल बहुत सम्मान करते हैं और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देश में 'सबसे पसंदीदा' नेता हैं। उन्होंने कहा, दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच एक सामान्य बात यह है कि वे अपने-अपने राज्यों के लोगों और अपनी जमीन से जुड़े हुए हैं। मुझे लगता है कि दोनों के बीच बहुत प्यार और सम्मान है। संसद से 141 सांसदों के निलंबन पर आप सांसद ने कहा कि यह देश के लोकतंत्र में 'सबसे काले दिनों' में से एक है।

उन्होंने कहा, मैं यह कहने में बिल्कुल संकोच नहीं करूंगा कि केवल कुछ सांसदों को ही निलंबित किया गया है बल्कि लोकतंत्र को भी निलंबित किया गया है। यह हर भारतीय के लिए चिंता का विषय है। निर्वाचित प्रतिनिधियों के बिना संसद कैसी हो सकती है? हर दिन भाजपा सरकार हमारे लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर वार कर रही है।

---

# वायुसेना ने बाढ़ में फंसी ट्रेन से चार यात्रियों को बचाया

थुथुकुडी। भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर ने मंगलवार को टूडुकुडी जिले के श्रीवेकुंटम रेलवे स्टेशन भारी बाढ़ में फंसी तिरुचेंदुर-चेन्नई एगमोर चेंदूर एक्सप्रेस रेलगाड़ी से एक डेढ़ साल के बच्चे और उसकी गर्भवती मां सहित चार लोगों को बचाया।

रेलवे सूत्रों ने बताया कि ट्रेन तिरुचेंदुर से रविवार को रात आठ बजकर 25 मिनट पर 800 यात्रियों को लेकर रवाना हुई। ट्रेन को रात में नौ बजकर 19 मिनट पर श्रीवेंकुटम रेलवे स्टेशन पर रेलवे पटरियों पर पानी भरे होने के कारण रोक दिया गया।

---

## सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के ब्रह्मकमल संगठन अन्नपूर्णेश्वरीनगरहेगनहल्ली द्वारा 'ऊरहब्बा' कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित महेन्द्र मुणोत ने अणम्मादेवी, मारम्मादेवी, ग्राम देवता चौड़ेश्वरी देवी की विशेष पूजा की। इस मौके पर मुणोत ने जरुरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई।

---

# हमारा शरीर ही हमारी सच्ची सम्पत्ति है, उसका ख्याल रखें : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



राणीबेन्नूर। शहर के नागेश्वर पार्श्व राजेन्द्र धाम में विराजित साध्वीश्री भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि हमारे जीवन का सच्चा साथी माँ,पिता,पत्नी,बेटा,पति,बेटी,दोस्त नहीं अपितु हमारा असली जीवन साथी हमारा अपना शरीर है। एक बार जब आपका शरीर जवाब देना बंद कर देता है तो कोई भी आपके साथ नहीं देता। आप और आपका शरीर जन्म से लेकर मृत्यु तक एक साथ रहते हैं। जितना अधिक आप इसकी परवाह करते हैं, उतना ही ये आपका साथ निभाएगा। हम जैसा शरीर का ध्यान रखेंगे वैसा ही हमारा शरीर हमारा ध्यान रखेगा। याद रखें कि हमारा शरीर एकमात्र स्थायी पता है जहां हम रहते हैं। हमारा शरीर ही हमारी सच्ची सम्पति है जो कोई और साझा नहीं कर सकता है। आपका शरीर आपकी ज़िम्मेदारी है, इसलिए हमेशा के लिए फिट रहिए, अपना ख्याल रखिए। पैसा आता है और चला जाता है। रिश्तेदार और दोस्त भी स्थाई नही हैं, आते हैं, चले जाते है। राणीबेन्नूर जैन संघ ट्रस्ट मंडल ने दर्शन का एवम विहार ग्रुप ने विहार सेवा का लाभ लिया। हुकमीचंद सोहनराज बागरेचा ने स्वद्रव्य से बना रहे जिनमंदिर एवं धर्मशाला के निर्माणाधीन कार्य की जानकारी साध्वीश्री को दी। साध्वीवृंद ने वासक्षेप कर मांगलिक श्रवण करवाया।

---




# जेसीआई मैसूरु के पदाधिकारियों ने ली शपथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर के जेसीआई मैसूरु रॉयल सिटी की नई कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जेसीआई के राष्ट्रीय प्रशिक्षक और ऐस इट इस न्यूट्रिशन के फाउंडर जेसीआई अरविंद जैन उपस्थित थे।

अध्यक्ष आशा जैन ने नए अध्यक्ष सीमा पोरवाड़ को शपथ दिलवाई।उपाध्यक्ष विद्या राजू ने जेसीआई से जुड़े नए सदस्यों को सदस्यता शपथ दिलाई ।

पूर्व अध्यक्ष राहुल कांटेड़ ने गत वर्ष के कार्यों की जानकारी दी। नई कमेटी में अध्यक्ष सीमा पोरवाड़, सचिव स्वरूपा जैन, सहसचिव सिद्धार्थ कटारिया, कोषाध्यक्ष विजय डागा, महिला निर्देशक संगीता देरासरिया, जूनियर जेसी चेयरमैन अनिल जैन सहित 6 उपाध्यक्षों व 6 निदेशकों को शपथ दिलाई गई।

---



# कल्याण मित्रों ने आचार्य विमलसागरसूरी से की चातुर्मास संबंधित चर्चा

बेंगलूरु। आचार्यश्री विमलसागरसूरीश्वरजी का आगामी चातुर्मास मैसूरु में होना तय हुआ है जिसके लिए मैसूरु के कल्याण मित्र जैन चातुर्मास समिति के सदस्य कांतिलाल चौहान, वसंत राठौड़, प्रवीण दांतेवाड़िया, भंवरलाल लुंकड़ ने मंगलवार को बेंगलूरु में आचार्यश्री विमलसागरजी के दर्शन कर चातुर्मास कार्यों की समीक्षा की तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा की। आचार्यश्री का चातुर्मास वर्ष 2024 के जून माह में संभावित है। आचार्यश्री के चातुर्मास को लेकर मैसूरु क्षेत्र में विशेष उत्साह छाया हुआ है।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com